राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

**कार्यालय ऑफिस**
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण शनिवार, 06 अगस्त 2022 वर्ष–5,अंक–191 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संक्षिप्त समाचार

### स्वदेश विकसित 'एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल' का महाराष्ट्र के एक सैन्य प्रतिष्ठान से सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने स्वदेश विकसित 'एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल' का महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक सैन्य प्रतिष्ठान से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइलों ने दो अलग-अलग रेंज में सटीक निशाना साधते हुए लक्ष्यों को नष्ट कर दिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एटीजीएम के निर्माता रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और भारतीय सेना को मिसाइल के सफल परीक्षण पर बधाई दी। मंत्रालय ने कहा, ''डीआरडीओ और भारतीय सेना ने युद्धक टैंक 'अर्जुन' के जरिये स्वदेशी रूप से विकसित लेजर-गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।'' रक्षा मंत्रालय ने कहा, ''मिसाइलों ने दो अलग-अलग रेंज में सटीक रूप से लक्ष्यों को साधते हुए इन्हें सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। 'टेलीमेट्री' प्रणाली ने मिसाइलों के संतोषजनक उड़ान प्रदर्शन को दर्ज किया है।'' डीआरडीओ अध्यक्ष जी। सतीश रेड्डी ने एटीजीएम के सफल परीक्षण से जुड़ी टीम को बधाई दी।

### स्वतंत्रता दिवस से पहले हाई अलर्ट पर दिल्ली मेट्रो से लेकर मॉल तक कड़ी जांच

**नई दिल्ली ।** देश में 75वें स्वतंत्रता दिवस को मनाने की तैयारियों के बीच आतंकी हमले के खुफिया अलर्ट पर दिल्ली पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हैं। 10 पन्नों की खुफिया रिपोर्ट में खास तौर से ड्रोन की मदद से मैग्नेट बम (स्टिकी बम) को सुरक्षा एजेंसियों के वाहनों पर चिपकाकर धमाका करने की आशंका जताई गई है। साथ ही लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे कुख्यात आतंकी संगठन के सक्रिय होने की बात कही गई है इसके मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती करते हुए ड्रोन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। खुफिया इकाइयों का मानना है कि आतंकी मैगनेट बम का इस्तेमाल कर सकते हैं। वे वाहन में मैगनेट बम (स्टिकी बम) जैसे विस्फोटक चिपका सकते हैं, जो ड्रोन की मदद से पहुंचाए जा सकते हैं। इस अलर्ट के बाद एंटी-ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम की लाल किले पर तैनाती कर दी गई है। साथ ही ड्रोन हमले की आशंका के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने हवा में उड़ने वाली चीजों पर रोक लगाने के साथ ही सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इसके तहत पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट से चलने वाले विमान, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के बैटरी से चलने वाले एयरक्राफ्ट, क्वाडॉप्टर्स और पैरा जंपिंग उड़ान पर प्रतिबंध लागू रहेगी। लालकिला के आसपास ड्रोन के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

### राष्ट्रीय आरोग्य निधि योजना के तहत राशन कार्ड अनिवार्य

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पूछा कि राष्ट्रीय आरोग्य निधि (आरएएन) के तहत वित्तीय मदद हासिल करने के लिए एक नागरिक के पास राशन कार्ड होना आवश्यक क्यों है? इस मामले पर कोर्ट ने केंद्र तथा दिल्ली सरकार से अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा है। गरीबी रेखा से नीचे आने वाली कैंसर की एक मरीज की ओर से दायर इस याचिका में इस अनिवार्यता को अवैध और असंवैधानिक घोषित करने का अनुरोध किया है। जस्टिस यशवंत वर्मा ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता 30 वर्षीय एक महिला है, एम्स ने इस योजना के तहत उसकी वित्तीय मदद के अनुरोध को राशन कार्ड ना होने की वजह से खारिज कर दिया था। अदालत ने पाया कि बिना राशन कार्ड के याचिकाकर्ता को राष्ट्रीय आरोग्य निधि योजना का लाभ नहीं मिल सकता, जिससे की योजना का मकसद ही विफल हो जाएगा। राष्ट्रीय आरोग्य निधि योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे आने वाले मरीजों को वित्तीय मदद मुहैया कराई जाती है, ताकि वे किसी भी 'सुपर स्पेशियलिटी' अस्पताल या अन्य सरकारी अस्पतालों में इलाज हासिल कर सकें। ये वित्तीय मदद संबंधित अस्पताल को 'एक बारगी अनुदान' के तौर जारी की जाती है। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि राशन कार्डों जारी करने को लेकर तय की गई सीमा में वृद्धि के उसके अनुरोध को केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया है। मामले पर आगे की सुनवाई अब 31 अगस्त को की जाएगी।

### अग्निपथः जम्मू में अग्निवीरों की भर्ती के लिए पंजीकरण शुरू



**जम्मू ।** जम्मू क्षेत्र में सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू होगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) ने बताया, 'सैन्य अग्निवीरों की भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पांच अगस्त को शुरू होगा और यह तीन सितंबर, 2022 को खत्म हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि उधमपुर, राजौरी, पुंछ, रियासी, रामबण, डोडा, किश्तवार, जम्मू, सांबा और कठुआ के उम्मीदवारों के लिए सात अक्टूबर से जम्मू के संजवान सैन्य स्टेशन पर जोरावर स्टेडियम में यह भर्ती रैली होगी।

# तेजस फाइटर जेट की बढ़ रही डिमांड



### अमेरिका सहित 6 अन्य देशों ने दिखाई दिलचस्पी

**नई दिल्ली।**
भारतीय वायु सेना में शामिल भारत के स्वदेशी जेट विमान तेजस को लेकर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। जेट विमान तेजस जहां दक्षिण-एशियाई देश मलेशिया की पहली पसंद बना हुआ है, वहीं अमेरिका सहित छह अन्य देशों ने भी तेजस में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। बता दें कि भारत और मलेशिया के बीच इस फाइटर जेट के सौदे को लेकर बातचीत का दौर जारी है। भारत ने मलेशिया को 18 हल्के-लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' बेचने की पेशकश की है।

**रक्षा मंत्रालय ने बताया-**

- रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, मिस्र, अमेरिका, इंडोनेशिया और फिलीपींस इन छह देशों ने सिंगल-इंजन तेजस फाइटर जेट को खरीदने में अपनी दिलचस्पी दिखाई है।
- मंत्रालय ने कहा, 'भारत सरकार ने पिछले साल राज्य के स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को तेजस जेट विमानों के लिए 2023 के आसपास डिलीवरी के लिए .6 बिलियन का अनुबंध दिया था बता दें कि 1983 में पहली बार इसे मंजूरी मिलने के चार दशक बाद ऐसा हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार, विदेशी रक्षा उपकरणों पर भारत की निर्भरता को कम करने की इच्छुक है, जेट विमानों के निर्यात के लिए राजनयिक प्रयास भी कर रही है। तेजस डिजाइन और अन्य चुनौतियों से घिरा हुआ है और एक बार भारतीय नौसेना द्वारा इसे बहुत भारी के रूप में खारिज कर दिया गया था।
- रक्षा मंत्रालय ने संसद को बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स ने पिछले साल अक्टूबर में रॉयल मलेशियाई वायु सेना के 18 जेट विमानों के प्रस्ताव के अनुरोध का जवाब दिया, जिसमें तेजस के दो सीटों वाले संस्करण को बेचने की पेशकश की गई थी।
- रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने एक लिखित उत्तर में संसद सदस्यों को बताया, 'अन्य देशों ने एलसीए विमानों में रुचि दिखाई है, जिसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, अमेरिका, इंडोनेशिया और फिलीपींस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश एक स्टील्थ फाइटर जेट के निर्माण पर भी काम कर रहा है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए समयसीमा देने से इनकार कर दिया है। भारत के पास वर्तमान में रूसी, ब्रिटिश और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों का मिश्रण है।

# कांग्रेस का महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ हल्ला-बोल

### हिरासत में लिए गए राहुल गांधी और प्रियंका समेत कई नेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



कांग्रेस ने शुक्रवार को महंगाई, बेरोजगारी और कई खाद्य वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाए जाने के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। इस प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने काले रंग के कपड़े पहन रखे थे।

राहुल गांधी समेत अन्य कांग्रेस सांसदों ने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद देश में मूल्य वृद्धि, जीएसटी के दायरे में वृद्धि के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी वृद्धि को वापस लेने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी संसद के गेट नंबर-1 के बाहर एक बैनर पकड़े महिला सांसदों के साथ खड़ी थीं। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को राष्ट्रपति भवन की ओर नहीं जाने दिया। सोनिया गांधी ने मार्च में हिस्सा नहीं लिया। पुलिस ने अन्य सांसदों को विजय चौक पर हिरासत में लिया। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल, अधीर रंजन चौधरी और गौरव गोगोई उन 64 सांसदों में शामिल हैं जिन्हें पुलिस बस में विजय चौक से हिरासत में लिया गया। मालूम हो कि कांग्रेस ने महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की थी। इसके तहत कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्यों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की प्रधानमंत्री आवास का 'घेराव करने' की योजना थी।

कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता इसी विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर जमा हुए थे। राहुल गांधी ने विजय चौक पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम यहां महंगाई का मसला उठाने आए हैं। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।




### मौसम विभाग ने देश के 10 राज्यों के लिए जारी किया मूसलाधार वर्षा का अलर्ट

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

देश के लगभग सभी राज्यों में वर्षा का सिलसिला जारी है. इस दौरान कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश हो रही है. कुछ राज्यों में लगातार हो रही बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है. इसी कड़ी में भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने देश के दस राज्यों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने ट्वीट कर बताया है कि गुजरात, पूर्वी राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा में 06 अगस्त, 2022 से बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है. आईएमडी के मुताबिक 08 अगस्त तक छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, मराठावाडा, कोंकण और गोवा में भारी बारिश की संभावना है. वहीं विदर्भ, सौराष्ट्र और कच्छ में 06 अगस्त से लेकर 08 अगस्त तक बारिश हो सकती है. पश्चिम बंगाल में 06 अगस्त को, 06 अगस्त से 07 अगस्त तक झारखंड में, ओडिशा में 06 से 08 अगस्त तक बारिश हो सकती है. इसके अलावा नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 08 अगस्त तक बादल गरज-बरस सकते हैं. जबकि अंडमान और निकोबार में 06 अगस्त तक भारी बारिश हो सकती है. हिमाचल और उत्तराखंड में 07 अगस्त तक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 06 अगस्त तक और पूर्वी राजस्थान में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश हो सकती है.

## भाजपा बोली- संसद में चर्चा के समय नदारद रहते हैं राहुल, क्या कांग्रेस में है लोकतंत्र?

**नई दिल्ली ।**
महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ सड़क पर मार्च किया जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए आपातकाल तक का जिक्र किया और कहा कि हमें लोकतंत्र की नसीहत न दें। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि संसद में चर्चा होती है तो राहुल गांधी आते नहीं हैं और अगर आते हैं तो वॉकआउट कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि निर्मला जी ने सदन में विस्तार से उत्तर दिया कि कोविड की समस्या के बावजूद भारत की आर्थिक व्यवस्था दुनिया के कई देशों की तुलना में बेहतर है। सबसे अधिक पूंजी निवेश हुआ है। दुनिया की बड़े-बड़े संस्थाओं ने भी भारत के आर्थिक मैनेजमेंट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने साफ झूठ बोला है। अभी दो दिन पहले सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने हिस्सा लिया था फिर राहुल गांधी ने झूठ क्यों बोला। यह देश को बताना जरूरी है। दो दिन पहले जब सदन में चर्चा हुई तो उसमें कांग्रेस के लोगों ने भाग लिया या नहीं? बहुत तीखे और निम्न स्तर के आरोप लगाए या नहीं? महंगाई और बेरोजगारी एक बहाना है, सही कारण है ईडी को धमकाना, डराना और परिवार को बचाना। भाजपा नेता ने राहुल गांधी से पूछा कि क्या कांग्रेस पार्टी में लोकतंत्र है। कांग्रेस में अच्छे नेता हैं यह हम भी मानते है लेकिन क्या पार्टी में लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दादी ने देश में आपातकाल लगाया था। आपातकाल में बड़े-बड़े पत्रकारों को जेल भेजा था। राहुल गांधी की दादी जी ने प्रतिबद्ध न्यायपालिका की बात की थी। आपको कुछ याद है? आप हमें लोकतंत्र की नसीहत देते हैं। क्या आपकी पार्टी में लोकतंत्र है ? इसी बीच उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड से क्यों घबराए हुए हो? कांग्रेस पार्टी परिवार की जेब में है, कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व परिवार की जेब में है और कांग्रेस पार्टी की संपत्ति भी परिवार में जेब में है। राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को हिटलर कहे जाने पर भाजपा नेता ने कहा कि यह उनकी हताशा है। मैंने उनके घटिया आरोप पर बोलने के लिए यहां पर नहीं बैठा हूं। कितना तंग किया गया गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को।

## तेजी से फैल रहा मंकीपॉक्स अमेरिका ने किया हेल्थ इमरजेंसी का ऐलान

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों और खतरे को देखते हुए अमेरिका ने हेल्थ इमर्जेंसी का ऐलान कर दिया है। जो बाइडन के प्रशासन ने वायरस की गंभीरता को देखते हुए यह कदम उठाया है। 2 अगस्त को राष्ट्रपति बाइडन ने दो शीर्ष अधिकारियों को इस वायरस से निपटने का जिम्मा दिया था। अमेरिका में मंकीपॉक्स के 6600 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। बता दें कि मंकीपॉक्स यूरोप में तेजी से फैल रहा है। स्पेन, जर्मनी और यूके को मिलाकर करीब 10 हजार केस मिल चके हैं। वहीं मंकीपॉक्स के लिए अभी कोई अलग से वैक्सीन मौजूद नहीं है। स्मॉलपॉक्स के लिए इस्तेमाल होने वाली वैक्सीन का इस्तेमाल भी इसके लिए भी किया जाता रहा है। अब तक दुनियाभर के 87 देशों में मंकीपॉक्स के 26000 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। भारत में मंकीपॉक्स के अब तक 9 मरीज मिल चुके हैं जिसमें से एक मरीज की मौत हो चुकी है। केंद्र सरकार ने मंकीपॉक्स के मामलों से निपटने के लिए मौजूदा दिशा निर्देशों पर पुनर्विचार करने के लिए गुरुवार को शीर्ष स्वास्थ्य विशेषज्ञों की एक बैठक बुलाई। केंद्र द्वारा 'मंकीपॉक्स बीमारी के प्रबंधन पर जारी दिशा निर्देशों' के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति ने पिछले 21 दिनों के भीतर प्रभावित देशों की यात्रा की है और उसके शरीर पर लाल चकत्ते पड़ने, लसिका ग्रंथियों में सूजन, बुखार, सिर में दर्द, शरीर में दर्द और बहुत ज्यादा कमजोरी जैसे लक्षण दिखायी देते हैं तो उसे 'संदिग्ध' माना जाएगा। दिशा निर्देशों में संपर्क में आए लोगों को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति किसी संक्रमित में पहला लक्षण दिखायी देने और त्वचा पर जमी पपड़ी के गिर जाने तक की अवधि के दौरान उसके एक से अधिक बार संपर्क में आता है तो उसे संपर्क में आया व्यक्ति माना जाएगा। यह संपर्क चेहरे से चेहरे का, सीधा शारीरिक संपर्क में आना, जिनमें यौन संबंध बनाना भी शामिल है, उसके कपड़ों या बिस्तर के संपर्क में आना हो सकता है। इसे मंकीपॉक्स का संदिग्ध या पुष्ट मामला माना जाएगा।

## एसटीएफ ने नाकाम की पाक की ड्रोन से आरडीएक्स भेजकर भारत में धमाके कराने की साजिश

### -प्रारंभिक जांच में साजिश के पीछे सामने आया हरविंदर सिंह रिंदा का नाम

**अंबाला । (एजेंसी)**

एसटीएफ हरियाणा ने पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आरडीएक्स और आइईडी भेजकर धमाके कराने की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। एसटीएफ की प्रारंभिक जांच में इस षडयंत्र के पीछे हरविंदर सिंह रिंदा का नाम सामने आया है। गिरफ्तार किए गए तरनतारन निवासी शमशेर सिंह को शाहाबाद में विस्फोटक सामग्री रखने के लिए बोला गया था। यहां से दूसरे लोगों को इसे विभिन्न स्थानों पर विस्फोट करने के लिए ले जाना था। इस मामले में शमशेर के साथ तीन-चार और लोग शामिल थे। उनके बारे में शमशेर से पूछताछ की जा रही है। इन लोगों को विस्फोटक सामग्री रखने के लिए रुपए दिए गए थे और साथ में इन लोगों को नशीला पदार्थ भी दिया गया था। शमशेर के मोबाइल फोन की काल डिटेल और उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बारे में जानकारी के लिए पंजाब पुलिस से संपर्क किया जा रहा है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए विस्फोटक सामग्री कहां पहुंचाई गई, इसको लेकर एसटीएफ की टीम मौका-मुआयना करेगी। माना जा रहा है कि एसटीएफ आने वाले दिनों में पंजाब और जम्मू-कश्मीर के एक-दो और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। 20 मार्च 2022 को अंबाला में हरियाणा-पंजाब सीमा पर महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी सद्दोपुर के पास मैदान से तीन हैंड ग्रेनेड, आइईडी, डेटोनेटर और टाइमर मिले थे। इसके तार भी पाकिस्तान से जुड़े होने के संकेत मिले थे। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि अंबाला में मिले हैंड ग्रेनेड भारत-पाक सीमा क्षेत्र में अलग-अलग मिली खेपों से मेल खाते थे। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी की गोद में बैठा हरविंदर रिंदा बड़ा आतंकी बन चुका है। वह देश के नामी गैंगस्टरों के संपर्क में है। इसका फायदा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ उठा रही है। बताते हैं जयपाल भुल्लर को पंजाब पुलिस की टीम ने कोलकाता में मुठभेड़ में मार गिराया था।



उसके मोबाइल फोन में रिंदा का नंबर मिला था। एसटीएफ हरियाणा के चीफ और आइजी सतीश बालन ने कहा कि अभी मामले की पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पाक से तार जुड़े होने के संकेत मिले हैं। बाकी जांच जारी है।

**सुविचार** विफलता का मौसम सफलता के बीज बोने का सर्वश्रेष्ठ समय है। परमहंस योगानंद

# संपादकीय

## ताइवान पर चीन का ढोंग

– डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिकी कांग्रेस (निम्न सदन) की अध्यक्षा नैन्सी पेलोसी की ताइवान-यात्रा पर सारी दुनिया का ध्यान केंद्रित हो गया था। न तो ताइवान कोई महाशक्ति है और न ही पेलोसी अमेरिका की राष्ट्रपति हैं। फिर भी उनकी यात्रा को लेकर इतना शोर-शराबा क्यों मच गया? इसीलिए कि दुनिया को यह डर लग रहा था कि ताइवान कहीं दूसरा यूक्रेन न बन जाए। वहां तो झगड़ा रूस और यूक्रेन के बीच हुआ है लेकिन यहाँ तो एक तरफ चीन है और दूसरी तरफ अमेरिका! यदि ताइवान को लेकर ये दोनों महाशक्तियाँ भिड़ जातीं तो तीसरे विश्व-युद्ध का खतरा पैदा हो सकता था लेकिन संतोष का विषय है कि पेलोसी ने शांतिपूर्वक अपनी ताइवान-यात्रा संपन्न कर ली है। चीन मानता है कि ताइवान कोई अलग राष्ट्र नहीं है बल्कि वह चीन का अभिन्न अंग है। यदि अमेरिका चीन की अनुमति के बिना ताइवान में अपने किसी बड़े नेता को भेजता है तो यह चीनी संप्रभुता का उल्लंघन है। अमेरिकी नेता नैन्सी पेलोसी की हैसियत राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के बाद तीसरे स्थान पर मानी जाती है। यों तो कई अमेरिकी सीनेटर और कांग्रेसमैन ताइवान जाते रहे हैं लेकिन पेलोसी के वहां जाने का अर्थ कुछ दूसरा ही है। चीन मानता है कि यह चीन को अमेरिकी की खुली चुनौती है। चीनियों ने दो-टूक शब्दों में धमकी दी थी कि यदि नैन्सी की ताइवान यात्रा हुई तो चीन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किए बिना नहीं रहेगा। चीन ने ताइवान के चारों तरफ कई लड़ाकू जहाज और जलपोत डटा दिए थे और अमेरिका ने भी अपने हमलावर जहाज, प्रक्षेपास्त्र और जलपोत आदि भी तैनात कर दिए थे। डर यह लग रहा था कि यदि गलती से एक भी हथियार का इस्तेमाल किसी तरफ से हो गया तो भयंकर विनाश-लीला छिड़ सकती है। चीन इस यात्रा के कारण इतना क्रोधित हो गया था कि उसने ताइवान जानेवाली हर चीज पर प्रतिबंध लगा दिया था। ताइवान भी इतना डर गया था कि उसने अपने सवा दो करोड़ लोगों को बमबारी से बचाने के लिए सुरक्षा का इंतजाम कर लिया था। पेलोसी 24 घंटे ताइवान में बिताकर अब दक्षिण कोरिया रवाना हो गई हैं। वे ताइवानी नेताओं से खुलकर मिली हैं और अमेरिका चीन के खिलाफ बराबर खम ठोक रहा है। जो बाइडन की सरकार के लिए पेलोसी की ताइवान-यात्रा और अल-क़ायदा के सरगना अल-जवाहिरी का उन्मूलन विशेष उपलब्धि बन गई है। चीन ने जवाहिरी की हत्या पर भी अमेरिका की आलोचना की है। चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते हुए तनाव के कारण चीन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बने चार देशों के चौगुटे की भी खुलकर निंदा की थी। पेलोसी की इस ताइवान-यात्रा ने सिद्ध कर दिया है कि चीन कोरी गीदड़ भभकियाँ देने का उस्ताद है। इस मामले के कारण चीन का बड़बोलापन बदनाम हुए बिना नहीं रहेगा। पेलोसी की इस यात्रा ने अमेरिका की छवि चमका दी है और चीन की छवि को धूमिल कर दिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)

# यादें बंटवारे की: शरणार्थी कैसे उठे राख के ढेर से

आरके सिन्हा

भारत अपनी स्वाधीनता के 75 साल पूरे कर रहा है। सारे देश में उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया है। लेकिन, भारत को आजादी की बड़ी कीमत देश के बंटवारे के रूप में अदा करनी पड़ी थी। यह भी एक कटु सत्य है। हजारों निर्दोषों ने अपनी जानें गंवाई। लाखों लोगों को अपने घरों से दूर जाकर अपनी नई दुनिया बसानी पड़ी थी। आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो हमें उन पंजाबी और बंगाली शरणार्थियों को अवश्य याद रखना होगा, जिन्होंने कठिन और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने हिस्से का आसमान छुआ। पंजाब से आये शरणार्थियों ने कारोबारी दुनिया में अपनी कड़ी मेहनत और जीवटता से अभूतपूर्व सफलता हासिल की। अगर आप राजधानी दिल्ली में रहते हैं या फिर वहां पर आते-जाते रहते हैं तो आपने वहां लोकप्रिय बंगाली मार्केट के पास तानसेन मार्ग के कोने पर स्थित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का भवन देखा होगा। फिक्की की बिल्डिंग में उसके तमाम पूर्व अध्यक्षों की फोटो लगी हैं। उनमें अपोलो टायर्स के चेयरमेन रौनक सिंह की भी फोटो है। वे सन 1989 में फिक्की के अध्यक्ष थे। वे देश के बंटवारे के वक्त लाहौर से दिल्ली आये थे। वे लाहौर में एक दुकान में काम करते थे। रौनक सिंह ने 85 नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज के दफ्तर से बिजनेस के संसार में दस्तक दी थी। उन्होंने अजमेरी गेट की एक स्टील पाइप की दुकान में भी काम किया। आज भले ही वे संसार में नहीं हैं, पर उनका अपोलो टायर्स संसार की सबसे बड़ी टायर निर्माता कंपनियों में से एक है। फिक्की में ही डॉ. ज्योत्सना सूरी का भी चित्र लगा है। वो ललित सूरी की पत्नी हैं। वो ललित होटल की चेयरपर्सन हैं। उनके ससुर सन 1947 में रावलपिंडी से खाली हाथ भारत आये थे। भारत आकर सूरी परिवार ने कसकर मेहनत की और आज इनके देशभर में कई लक्जरी होटल चल रहे हैं, जिनमें हजारों मुलाजिम काम करते हैं। हम सबने एमडीएच मसाले वाले वयोवृद्ध महाशय धर्मपाल गुलाटी को अपनी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सालों विज्ञापनों में देखा है। वो जम्मू के पास स्योलकोट शहर से सपरिवार दिल्ली आये थे। पक्के आर्य समाजी महाशय जी ने दिल्ली में टांगा भी चलाया था और पिता की मसाले की दुकान में बैठकर काम भी किया। वे जब राजधानी के करोलबाग में होते थे तो जूते-चप्पल पहनकर नहीं घूमते थे। वे कहते थे, इसी करोलबाग में खाली हाथ आया था। यहां पर रहते हुए ही मेरा कारोबार में सफल हुआ। इसलिये ये सारा क्षेत्र मेरे लिये मंदिर के समान है। दरअसल देश के विभाजन ने पंजाब के सैकड़ों नौजवानों को उद्यमी बनाया। उनके पास कुछ अपना कारोबार करने के अलावा कोई चारा भी तो नहीं था। बेशक, महाशय धर्मपाल गुलाटी का जीवन मिसाल है, उन सभी के लिए जो जीवन में अपने लिए नई इबारत लिखना चाहते हैं। एक शरणार्थी किस तरह से जीवन में अपने लिये जगह बनाता है, उसकी बेहतरीन मिसाल थे, महाशय जी। बेशक, कोई भी समाज जो कठिन दौर से गुजरता है, संघर्ष करता है, वह आगे चलकर तरक्की करता ही है। मारवाड़ियों को ही लें। ये राजस्थान-गुजरात की ड्राई धरती और मरुस्थल में पैदा हुए। अब देश के अधिकांश बड़े उद्योगपति मारवाड़ी समाज से ही आते हैं। पारसियों को देखिए जो ईरान से आए, सिंधी जो सिंध से आए। इन सबने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष किया और संपन्न बने। देश विभाजन ने हजारों नौजवानों को आंत्रप्योनर बनाया था। पाकिस्तान से सन 1947 में भारत आ गए अनेक नौजवानों ने नए-नए कारोबार चालू करके अपने लिए जगह बनाई थी। विपरीत हालात में इन्होंने हिम्मत नहीं हारी थी। इनमें से ही कई आगे चलकर ब्रजमोहन मुंजाल (हीरो ग्रुप) और एच.सी नंदा ( एस्कोर्ट्स) सरीखे उद्योगपति बने। इन्होंने साबित किया कि वे विपरीत हालात में भी लड़ेंगे। अब दलितों का समय है, दलित व्यापार में अपनी क्षमताओं से भरपूर ढंग से आगे बढ़ रहे हैं। बंटवारे के वक्त खुखरायण पंजाबियों को भी भारत आना पड़ा था। इनके सरनेम होते हैं आनंद, कोहली, सूरी, सब्बरवाल, साहनी वगैरह। खुशवंत सिंह कहते थे कि खुखरायण पंजाबी खत्रियों का एक जाति समूह है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर भी कोहली ही हैं। इनके अलावा इसमें घई, चंडोक, चड्ढा, भसीन, खन्ना व भाटिया ऐसी अन्य जातियां व उपजातियां शामिल हैं, जो एक-दूसरे से वैवाहिक रिश्ते कायम करने को प्राथमिकता देती हैं। खुखरायण समाज में हिन्दू और सिख दोनों हैं। खुखरायण मुख्य रूप से पाकिस्तान के रावलपिंडी, झेलम और कैमलपुर जैसे स्थानों से भारत आये थे। ये लगभग सभी बिजनेस ही करते हैं। इनमें नौकरी करने वाले मात्र गिनती के ही होंगे। आपको खुखरायण धर्मशालाएं हरिद्वार, बनारस, दिल्ली में भरपूर मिलेंगी। बेशक, बंटवारे का एक सकारात्मक पक्ष यह रहा था कि इसने भारत के विभिन्न शहरों की आबादी को समावेशी बना दिया। बंटवारे के चलते पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से नामधारी सिख भी भारत आये। इन्हें आप तुरंत पहचान लेते हैं, इनकी एक खास तरह की वेषभूषा के कारण। ये सफेद कुर्ता, चूड़ीदार पायजामा और सफेद ही पगड़ी पहनते हैं। इनकी पगड़ी को कहते हैं सीधी पगड़ी। देश के विभाजन से पहले ये सभी पंजाब में ही थे। ये बंटवारे के बाद बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र वगैरह में चले गये। इनके भी खून में कारोबार करना ही है। ये शुरू में टेंट का बिजनेस खूब करते थे। इनके संरक्षक सरदार सेवासिंह चावला रहे हैं। वे दशकों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद से भी जुड़े रहे थे। नामधारी बिरादरी के बारे में कहा जाता है कि ये नौकरी करने से बचते हैं। शायद ही कोई हो जो कहीं नौकरी कर रहा हो। ये अपना बिजनेस करना पसंद करते हैं। हां, पहले बिहार और फिर झारखंड के शिखर नेता इन्दर सिंह नामधारी ने अपने लिये बिजनेस के अलावा समाजसेवा का रास्ता भी चुना। नामधारी सिख ऑटो पार्ट्स, होटल से लेकर कपड़ों के कारोबार में एक्टिव हैं। आप इन्हें थाईलैंड में भी खूब देखेंगे। ये वहां भी खूब बसे हुए हैं। ये शराब और मांस से परहेज करते हैं। थाईलैंड के नामधारियों ने नेताजी के आजाद हिन्द फ़ौज को दिल खोलकर भरपूर मदद की थी। तो जब देश अपनी आजादी का जश्न मना रहा है, तब उनको याद करना जरूरी है, जिनको बंटवारे के कारण अपने घरों को छोड़ना पड़ा था। उन शरणार्थियों ने बिजनेस की दुनिया में अपना कमाल का सिक्का जमाया।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# दूसरी नहीं धरती, इसे ही बचाइये

पर्यावरण संरक्षण के अग्रदूत/ प्रो. आरसी कुहाड़

प्रकृति को संरक्षित और पोषित करने में हम सबका योगदान होना चाहिए। इस संबंध में पर्यावरणविद् और चिपको आंदोलन के नेता रहे सुंदरलाल बहुगुणा का वक्तव्य प्रासंगिक है कि पारिस्थितिकी स्थायी अर्थव्यवस्था है। दरअसल, पर्यावरण को बचाने की नौबत मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के बेतरतीब दोहन के चलते आयी। शुरुआत में मनुष्य ने पृथ्वी को समतल कर खेती लायक जमीन बनाई और जीविकोपार्जन के लिए जंगल, जल व जमीन का भरपूर उपयोग किया। कालांतर मनुष्य की जरूरतें व आबादी बढ़ती गई, उसने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन शुरू कर दिया जिसके चलते पारिस्थितिकी तंत्र में नकारात्मक परिवर्तन हो गया जो आज घातक सिद्ध हो रहा है। दरअसल, जब तक उपभोक्तावाद पर नियंत्रण नहीं किया जाएगा, प्रकृति के दोहन में कोई कमी नहीं आएगी। अब समय आन पड़ा है अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करने का कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर मनुष्य कुदरती संसाधनों का उपयोग कर सकता है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हम सब प्रकृति के प्रकोप से अपने आप को बचा पाने में असमर्थ पाएंगे। कहीं अतिवृष्टि होगी तो कहीं अनावृष्टि, कहीं लोग पानी के लिए तरसेंगे और कहीं पानी में सारी संपदा बहा देंगे। पिछले कई दशकों में ऐसा देखने में भी आया है। ग्लेशियर सूख रहे हैं, नदियां सिमट रही हैं, रेगिस्तान बढ़ रहे हैं, उपजाऊ जमीन बंजर समान होती जा रही है। जमीन के नीचे पीने लायक पानी बहुत कम रह गया है। पर्यावरण को संरक्षित रखने के बारे में अब प्रश्न कई उठते हैं कि कैसे हम बंजर जमीन को पुनः उपजाऊ जमीन में परिवर्तित कर पाएं? कैसे काटे गए जंगलों को पुनः उनकी शक्ल दें? कैसे ग्लेशियर पिघलने से बचाएं? कैसे जंगली जानवरों को उनका आवास प्रदान कर पाएं? असल में दुनिया के कुछ महान लोगों की मिसालें मौजूद हैं जिन्होंने अपना जीवन पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में ही लगा दिया।

इस संदर्भ में पहला नाम है 'भारत के फॉरेस्ट मैन' कहे जाने वाले पद्मश्री जादव मोलाई पायेंग का जिन्होंने कई दशकों के दौरान, ब्रह्मपुत्र नदी के एक सैंडबार पर पेड़ लगाए और उसे वन अभ्यारण्य में बदल दिया। मोलाई वन कहा जाने वाला यह जंगल, जोरहाट, असम में 1360 एकड़ क्षेत्र में फैला है। अगला नाम है इंदिरा प्रियदर्शिनी वृक्षमित्र पुरस्कार से सम्मानित देवकी अम्मा का जो भारत के विभिन्न हिस्सों से पौधों को लाकर और उनका पोषण करके जैव विविधता की रक्षा रही हैं। पर्यावरण के प्रति उन्होंने जनचेतना जगाई है। देवकी अम्मा द्वारा लगवाये जंगल में विभिन्न प्रजातियों के 3000 से अधिक पेड़ हैं। कुछ दुर्लभ पौधे जैसे लक्ष्मी थारू, चीनी संतरा आदि भी हैं। फलों, सब्जियों और फूलों की आपूर्ति करने वाले 200 प्रकार के पेड़ों और झाड़ियों को उन्होंने सहेजा है। इसी कड़ी में वर्ष 1935 में जन्मे आइस मैन कहे जाने वाले चेवांग नॉरफेल, लद्दाख के एक भारतीय सिविल इंजीनियर हैं, जिन्होंने 15 कृत्रिम ग्लेशियर बनाए हैं। ऐसी अन्य शख्सियत कर्नाटक की पर्यावरणविद् पद्मश्री सालु मरादा थिम्मक्का हैं, जो हुलिकल और कुदुर के बीच राजमार्ग के साथ-साथ चार किलोमीटर तक 385 बरगद पेड़ लगाने के लिए विख्यात हैं। सभी जानते हैं कि सुंदरलाल बहुगुणा पर्यावरणविद् और चिपको आंदोलन के नायक थे। उन्होंने हिमालय में जंगलों के संरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी, पहले 1970 के दशक में चिपको आंदोलन के सदस्य के रूप में, और बाद में 1980 के दशक से 2004 के प्रारंभ तक टिहरी बांध विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया। वहीं उत्तराखंड में प्रभा देवी ने 500 से अधिक पेड़ लगाए हैं जो पलासत गांव के संरक्षक के रूप में खड़े हैं। पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही कुछ अन्य महिलाएं भी हैं जिनसे प्रेरणा लेकर विद्यार्थी, शिक्षक मिलकर ऐसे ही प्रयास करें तो पर्यावरण का भला होगा। इनमें एक हैं लतिका नाथ जो बाघ राजकुमारी के रूप में जानी जाती हैं। लतिका बाघों पर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाली देश की पहली वन्यजीव विज्ञानी हैं। ऐसा ही नाम है प्रेरणा सिंह बिंद्रा जो एक संरक्षणवादी, पत्रकार, लेखक और कार्यकर्ता हैं। प्रेरणा वन अधिकारियों, रेंजरों और एनजीओ के साथ वन्यजीवों के लिए संरक्षित क्षेत्रों जैसे उत्तराखंड के नंधौर वन्यजीव अभयारण्य और नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण रिजर्व में काम करती हैं। ऐसे ही पूर्णिमा देवी बर्मन असम के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क, या हरगिला को विलुप्त होने से बचाने की दिशा में काम कर रही हैं। एक और प्रेरक व्यक्तित्व हैं कृति कारंत। वे वन्यजीव संवादी हैं, जो प्रजातियों के वितरण और विलुप्त होने के पैटर्न, वन्यजीव पर्यटन के प्रभावों, स्वैच्छिक पुनर्वास के परिणाम, भूमि-उपयोग परिवर्तन और मानव-वन्यजीव अंतःक्रियाओं पर शोध कर रही हैं। वे वाइल्डसेव नामक परियोजना पर काम कर रही हैं, जिसने हजारों परिवारों को वन्यजीव-मुआवजे के दावे दर्ज करने और उनके सही लाभ प्राप्त करने में मदद की है। असल में वर्ष के प्रत्येक दिन को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए और हम में से प्रत्येक को पर्यावरण की रक्षा में योगदान देना चाहिए। मिट्टी, पानी, पौधों, वायु और जीवों की रक्षा व ग्रह पर जीवन बचाने के लिए हमें योजना बनाने और सतत ठोस काम करने की जरूरत है। कहने का सीधा-सा अर्थ है कि दूसरी धरती नहीं है। हमें हर हाल में इसी धरती पर ही रहना होगा और उसे ही संवारना और सजाना होगा। दुनिया के सभी देशों का प्रत्येक नागरिक, संगठन और सरकारें मिलकर इस सतत कार्यक्रम से जुड़ें तो यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।



# आज के कार्टून




# सकारात्मक सोच

जग्गी वासुदेव

दुनिया में बहुत सारे लोग 'सकारात्मक सोच' के बारे में बात करते हैं। जब आप सकारात्मक सोच की बात कर रहे हैं तो एक अर्थ में आप वास्तविकता से दूर भाग रहे हैं। आप जीवन के सिर्फ एक पक्ष को देखना चाहते हैं और दूसरे की उपेक्षा कर रहे हैं। आप तो उस दूसरे पक्ष की उपेक्षा कर सकते हैं, लेकिन वो आप को नजरअंदाज नहीं करेगा। अगर आप दुनिया की नकारात्मक बातों के बारे में नहीं सोचते तो आप एक तरह से मूखरे के स्वर्ग (अवास्तविक दुनिया) में जी रहे हैं और जीवन आप को इसका सबक अवश्य सिखाएगा। अभी, मान लीजिए, आकाश में गहरे काले बादल छाए हैं। आप उनकी उपेक्षा कर सकते हैं मगर वे ऐसा नहीं करेंगे। जब वे बरसेंगे तो बस बरसेंगे। आप को भिगोएंगे तो भिगोएंगे ही। आप इसे नजरंदाज कर सकते हैं और सोच सकते हैं कि सबकुछ ठीक हो जाएगा– इसकी थोड़ी मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रासंगिकता हो सकती है पर अस्तित्व, वास्तविकता की दृष्टि से यह सुसंगत नहीं होगा। यह सिर्फ एक सांत्वना होगी। वास्तविकता से अवास्तविकता की ओर बढ़ते हुए, आप अपने आप को सांत्वना, धीरज दे सकते हैं। इसका कारण यह है कि आप को कहीं पर ऐसा लगता है कि आप वास्तविकता को संभाल नहीं सकते। और शायद आप नहीं ही संभाल सकते, अतः आप इस सकारात्मक सोच के वशीभूत हो जाते हैं कि आप नकारात्मकता को छोड़ना चाहते हैं और सकारात्मक सोचना चाहते हैं। या, दूसरे शब्दों में कहें तो आप नकारात्मकता से दूर जाना, उसका परिहार करना चाहते हैं। आप जिस किसी चीज का परिहार करना चाहें, वही आप की चेतना का आधार बन जाती है। आप जिसके पीछे पड़ते हैं, वह आप की सबसे ज्यादा मजबूत बात नहीं होती। आप जिससे दूर जाना चाहें, वो ही आप की सबसे मजबूत बात हो जाएगी। वो कोई भी, जो जीवन के एक भाग को मिटा देना चाहता है और दूसरे के ही साथ रहना चाहता है, वह अपने लिये सिर्फ दुख ही लाता है। सारा अस्तित्व ही द्वंद्वों के बीच होता है। आप जिसे सकारात्मक और नकारात्मक कहते हैं, वो क्या है? पुरुषत्व और स्त्रीत्व, प्रकाश और अंधकार, दिन और रात। जब तक ये दोनों न हों, जीवन कैसे होगा? यह कहना वैसा ही है जैसे आप कहें कि आप को सिर्फ जीवन चाहिए, मृत्यु नहीं। लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता। मृत्यु है इसीलिये जीवन है।

## सू-दोकू नवताल 2182


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 7 | | 1 | 4 | | 8 | |
| | 2 | | 6 | | | | 5 | |
| 6 | | | | | | 1 | | 9 |
| 5 | | | | 6 | 9 | | | 8 |
| | 1 | 9 | | | | 3 | 4 | |
| 4 | | | 3 | 2 | | | | 5 |
| 9 | | 2 | | | | | | 1 |
| | 6 | | | | 5 | | 2 | |
| | 5 | | 1 | 7 | | 9 | | 3 |

### सू-दोकू -2181 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 X 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-2182



### बायें से दायें:-

1. रनबीर व सोनम कपूर की फिल्म-4
3. 'ये इश्क हाये बैठे बिठाए' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-2,1,2
7. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-4
9. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या राय की फिल्म-2
12. 'इतना मैं चाहूं तुझे' गीत वाली फिल्म-2
13. गौतम गुप्ता, निशा कोठारी की फिल्म-1
14. नाना पाटेकर, की 'सनम तुम हम पे मरते हो' गीत वाली फिल्म-3
16. राजेन्द्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-3
19. विनोद खन्ना, अमोल म्हात्रे, डिम्पल कपाड़िया की 'चम्पई धूप के साये' गीत वाली फिल्म-2
20. 'ये मौसम भी गया' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा जुल्का की फिल्म-3
21. राजकपूर, जेमिनी गणेशन, वैजयंतीमाला की फिल्म-4
23. 'इन बहारों में अकेले ना फिरो' गीत वाली धर्मेन्द की फिल्म-3
25. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-2
26. 'ये पहली मुलाकात है' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, पूनम ढिल्लो की फिल्म-4
29. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-3
31. 'के तेरे बिन जीना नहीं' गीत वाली तुषार कपूर, श्रेयांस तलपदे, उदिता गोस्वामी, नौहीद, की फिल्म-3
32. अमिताभ बच्चन, मौसमी चटर्जी की फिल्म-3
33. 'खुद को मार डाला रे' गीत वाली रणदीप हूडा, सुशांत सिंह, यशपाल शर्मा, रुखसार, राइमा सेन, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-1

### ऊपर से नीचे:-

1. 'हुई आंख नम और साथी कोई भूला' गीत वाली आदित्य पंचोली, मोहसिन खान, वर्षा उसगांवकर की फिल्म-2
2. 'पंछी नदिया पवन के झोंके' गीत वाली फिल्म-3
4. फिल्म 'पहचान' में मनोज कुमार की नायिका-3
5. आमिर, फैजल खान, ट्विंकल खन्ना की 'तुझे रब ने बनाया है कमाल' गीत वाली फिल्म-2
6. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-2
7. गोविंदा, सोनम की 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली फिल्म-2
8. 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली की फिल्म-3
10. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-2
11. 'ओ एक दो तीन चार, राजू दादा के चेले होशियार' गीत वाली शत्रुघ्न सिन्हा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-3
12. अमिताभ, धर्मेन्द्र, रेखा की 'यार की खबर मिल गई' गीत वाली फिल्म-2,4
15. 'सपनों में जो आने लगा' गीत वाली प्रियांशु चटर्जी, नेहा धूपिया की फिल्म-2
16. संजय दत्त, अरशद वारसी, जावेद जाफरी की 'चल नाचें शोर मचालें' गीत वाली फिल्म-3
17. 'ख्वाब हो तुम या कोई हकीकत' गीत वाली देव आनंद, सिमी, नंदा, कल्पना की फिल्म-2,3
18. सुनील दत्त, आशा पारेख की 'आज नाचूं ऐसे' गीत वाली फिल्म-2
22. 'तू कल चला जाएगा' गीत वाली संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लो की फिल्म-2
24. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-3
27. बाल फिल्म 'मकड़ी' में चुड़ैल की भूमिका किस ने की थी-3
28. इरफान,आयलिन हेमन, हिमांशु मलिक की 'खूबसूरत है वो इतना' गीत वाली फिल्म-2
30. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-2

### फिल्म वर्ग पहेली- 2181

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पि | ता | | ह | म | सा | या | | प्या | सा |
| या | रा | ना | | ज | या | | गै | | ग |
| का | | खु | श | बू | | आ | र | पा | र |
| घ | रौं | दा | | र | त | न | | पी | |
| र | | | कुं | | बू | | मे | | यु |
| | दो | ब | द | न | | कि | ला | | वा |
| ह | स्ती | | न | ज | रा | ना | | रा | |
| थ | | अं | | र | | रा | म | जा | ने |
| क | न्या | दा | न | | डॉ | | वा | | पा |
| ड़ी | | ज | | म | न | च | ली | | ल |



## खाने के तेल में 10 रुपए लीटर और आ सकती है गिरावट

**मुंबई ।** सरकार एक बार फिर से खाने के तेल की कीमतें कम करने पर विचार कर रही है। खाद्य सचिव ने बृहस्पतिवार को तेल कंपनियों के साथ हाल ही में बैठक की थी। इसमें हर लीटर पर कम से कम 10 रुपए कीमत घटाने की बात कही गई है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि हाल में तेलों की कीमतें 30 रुपए लीटर तक घटी थीं। सरकार अगर फिर से खाद्य तेलों का दाम घटाने में सफल रहती है तो त्योहारी सीजन में भी इसका फायदा लोगों को मिलेगा। खाने वाले तेल की कीमतें अभी भी 150 रुपए से ऊपर ही हैं। उपभोक्ता मंत्रालय के मुताबिक मूंगफली तेल का भाव अभी 187.55 रुपए लीटर है। एक महीने पहले भी यह 187.88 रुपए लीटर था। सरसों का तेल 173.9 रुपए लीटर है जो एक महीने पहले 178.32 रुपए था। वनस्पति तेल का भाव 155.2 रुपए है। एक महीने पहले 163 रुपए था। सोया तेल की कीमत एक महीने में 10 रुपए घटी है। यह 165.5 रुपए से घटकर 157.84 रुपए लीटर पर आ गया है। सूरजमुखी तेल का भाव इसी दौरान 186 से घटकर 171 रुपए लीटर हो गया है। इस समय विदेशी बाजारों में तेल की कीमतें कम हैं। ऐसे में भारत में भी घटाने की मांग हो रही है।

## गेल का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 51 प्रतिशत बढ़कर 3,250.91 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल (इंडिया) लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 51 प्रतिशत बढ़कर 3,250.95 करोड़ रुपये रहा। गैस विपणन कारोबार में मार्जिन बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। गेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में 3,250.95 करोड़ रुपये या 7.34 रुपये प्रति शेयर रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 2,157.15 करोड़ रुपये या 4.81 रुपये प्रति शेयर था। हालांकि, जून तिमाही का लाभ इससे पिछली तिमाही के मुकाबले कम है। जनवरी-मार्च, 2022 तिमाही में कंपनी का लाभ 3,473.77 करोड़ रुपये रहा था। गेल का कारोबार अप्रैल-जून तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 38,033.30 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 2021-22 की इसी तिमाही में 17,702.43 करोड़ रुपये था।

## रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे मजबूत होकर 79.20 पर पहुंचा

**मुंबई।** शुक्रवार को दोपहर 12.37 बजे तक के कारोबार में भारतीय रुपया 26 पैसे की तेजी के साथ 79.20 पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ। सुबह के कारोबार में रुपये में 50 पैसे से ज्यादा की तेजी आई, लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आते ही बढ़त में कमी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.15 पर खुला, फिर सुबह के कारोबार में अंतिम बंद के मुकाबले 46 पैसे की बढ़त के साथ 78.94 को छू गया। स्थानीय मुद्रा में लाभ विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार प्रवाह और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में कमी के कारण था। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 94.84 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रही थी। यह सुबह बढ़कर 97 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गया है। आरबीआई ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रेपो रेट को 50 आधार अंकों से बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया है। नतीजतन, स्थायी जमा सुविधा दर 5.25 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा और बैंक दर 5.65 प्रतिशत समायोजित हो गई। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी और मुद्रास्फीति के अनुमान को क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

# अडानी एंटरप्राइजेज और इजरायल इनोवेशन अथॉरिटी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**अहमदाबाद/तेल अवीव**

अडानी समूह की बिजनेस इन्क्यूबेशन शाखा अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने इजरायल इनोवेशन अथॉरिटी (आईआईए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आईआईए एक सार्वजनिक-वित्त पोषित एजेंसी है, जो इजरायल की नवाचार नीति की देखरेख करती है। यह तकनीकी नवाचारों का समर्थन करने के लिए सशर्त अनुदान प्रदान करती है। इजरायली संस्थाओं और अडानी समूह के बीच तकनीकी नवाचार में सहयोग के लिए एमओयू पर साइन किए गए हैं। यह सहयोग उन मौजूदा साझेदारियों को गहरा करेगा, जो अडानी ने पिछले छह वर्षों में इजराइल में पहले ही स्थापित कर ली है। समझौता ज्ञापन एक अत्याधुनिक नवाचार मंच के निर्माण की ओर ले जाएगा, जो अडानी व्यवसायों को इजरायली स्टार्ट-अप द्वारा प्रदान किए गए तकनीकी समाधानों तक पहुंचने की अनुमति देगा, जिससे चयनित नवाचार परियोजनाओं को साझेदारी द्वारा समर्थित किया जाएगा। यह सहयोग जलवायु परिवर्तन, साइबर, एआई, आईओटी, 5जी, कृषि तक पहुंच स्थापित करेगा और ये सभी अडानी समूह के मुख्य व्यवसाय हैं। अडानी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक करण अडानी ने इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए कहा, ÷हाइफा पोर्ट का अधिग्रहण अडानी समूह की इजरायल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इजराइल इनोवेशन अथॉरिटी के साथ साझेदारी अब एक और बड़ा कदम है। इजरायल के साथ हमारे संबंधों को गहरा करने और हमें सैकड़ों अत्याधुनिक तकनीकों तक पहुंचने के लिए एक यह एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। बदले में हम जो पेशकश करते हैं, वह अडानी से लेकर इजरायल में कई तकनीकी कंपनियों के लिए कई बी2बी और बी2सी उद्योगों का सबसे बड़ा सैंडबॉक्स है।

## रिलायंस भारत में बेचेगा सुपर लग्जरी ब्रांड बॉलेनसिएगा

**नई दिल्ली ।** रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) ने बॉलेनसिएगा के साथ एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस ब्रांड के जूते 80,000 से लेकर ढाई लाख रुपए तक के होते हैं। इस दीर्घकालिक फ्रैंचाइज़ी समझौते के तहत आरबीएल भारत में बॉलेनसिएगा का एकमात्र भागीदार होगा। स्पेनिश मूल के क्रिस्टोबल बॉलेनसिएगा ने कंपनी की शुरुआत 1937 में पेरिस से की थी। बॉलेनसिएगा फैशन की दुनिया में बड़ा नाम है। इसे मार्डन कपड़ों और फैशन में नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। 2015 से डेमना, बॉलेनसिएगा की आर्टिस्टिक डायरेक्टर हैं और तभी से बॉलेनसिएगा नई ऊंचाईयां छू रहा है। बॉलेनसिएगा के कलेक्शन में महिलाओं और पुरुषों के रेडी-टू-वियर कपड़े और एसेसरीज़ की बड़ी रेंज शामिल है। रिलायंस ब्रांड्स ने कहा` कि दुनिया में कुछ ही ब्रांडों ने वास्तव में बॉलेनसिएगा जैसी रचनात्मकता को अपनाया है। उन्होंने अपने बेहतरीन और सरल क्रिएशंस के माध्यम से दुनिया में एक खास मुकाम हासिल किया है। देश में ब्रांड को पेश करने का सबसे उपयुक्त समय है क्योंकि भारतीय लग्जरी ग्राहक परिपक्व हो गए हैं और फैशन का उपयोग अपने व्यक्तित्व की रचनात्मक अभिव्यक्ति के रूप में कर रहे हैं।

## चालू वित्त वर्ष में अब तक 4.7 प्र तिशत आई रुपए में गिरावट : आरबीआई




मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत से अब तक दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की आठ प्रतिशत की तेजी के दबाव में रुपया 4.7 प्रतिशत तक गिरा है। हालांकि इस अवधि में रुपया अपेक्षाकृत व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ा है। साथ ही कई अन्य एशियाई मुद्राओं की तुलना में वह काफी बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि रुपए में गिरावट देश की अर्थव्यवस्था के व्यापक आर्थिक मूल सिद्धांतों में कमजोरी के बजाय अमेरिकी डॉलर में तेजी के कारण अधिक है। साथ ही रिजर्व बैंक के बाजार में हस्तक्षेप से रुपए की अस्थिरता को नियंत्रित करने और उसकी व्यवस्थित गति सुनिश्चित करने में मदद मिली है। आरबीआई गवर्नर शे क्तिकांत दास ने कहा` कि रुपए के उतार-चढ़ाव को लेकर हम सतर्क हैं और उसकी स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।% केंद्रीय बैंक के बाजार से तरलता सोखने के उपायों की बदौलत अप्रैल-मई की 6.7 लाख करोड़ रुपए की तरलता जून-जुलाई में घटकर 3.8 लाख करोड़ रुपए पर आ गई है। तरलता कम करने के लिए आरबीआई ने इस वर्ष 26 जुलाई को तीन दिन की परिपक्वता के 50,000 करोड़ की एक परिवर्तनीय दर रेपो की नीलामी की थी। उन्होंने कहा कि आरबीआई तरलता के मोर्चे पर सतर्क रहेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाई

### - कार, होम और पर्सनल लोन लेना होगा महंगा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को खुदरा महंगाई पर लगाम लगाने के लिए नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया। इससे कर्ज की मासिक किस्त बढ़ेगी। साथ ही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देने का भी निर्णय किया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक में किए गए निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। पिछले कुछ दिनों में आरबीआई ने ब्याज दरों में तीसरी बार वृद्धि की है। आरबीआई ने अनुमान जताया है कि अच्छे मॉनसून की वजह से अर्थव्यवस्था में सुधार संभव है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि खुदरा महंगाई अभी भी जरूरत से ज्यादा है और इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में 0.50 फ़ीसदी की बढ़ोतरी करने से आपके लिए ऑटो, होम, पर्सनल लोन लेना महंगा हो जाएगा। आरबीआई ने एसडीएफ में भी 50 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है और अब यह 5.15 फ़ीसदी हो गई है। बैंक ने एमडीएफ़ रेट बढ़ाकर 5.65 फीसदी कर दिया है। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के रेपो रेट में वृद्धि करने के बाद शेयर बाजार में बैंकिंग शेयरों में तेजी दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 7.2 फ़ीसदी रखा है। बैंक की मौद्रिक नीति की द्विमाही बैठक 3 से 5 अगस्त तक चल रही थी।

### आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा की मुख्य बातें

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी मौद्रिक नीति की समीक्षा पेश की। इसकी मुख्य बातें निम्नलिखित हैं।

- प्रमुख नीतिगत दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत की गई। लगातार तीसरी बार वृद्धि।
- मुद्रास्फीति को काबू में लाने के बाद अबतक रेपो दर में 1.40 प्रतिशत की वृद्धि।
- जीडीपी वृद्धि दर अनुमान 2022-23 के लिये 7.2 प्रतिशत पर बरकरार।
- आर्थिक वृद्धि दर 2022-23 की पहली तिमाही में 16.2 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.1 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.0 प्रतिशत पर रहने की संभावना।
- वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान।
- वित्त वर्ष 2022-23 के लिये खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।
- चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति 7.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत, चौथी तिमाही में 5.8 प्रतिशत और 2023-24 की पहली तिमाही में पांच प्रतिशत रहने का अनुमान।
- देश से 2022-23 में तीन अगस्त तक 13.3 अरब डॉलर की निकासी।
- वित्तीय क्षेत्र मजबूत है और उनके पास पर्याप्त पूंजी है।
- रुपए के मूल्य में गिरावट अमेरिकी डॉलर में तेजी की वजह से न कि भारतीय अर्थव्यवस्था के वृहत आर्थिक बुनियाद के कमजोर होने से।
- आरबीआई रुपए की स्थिरता बनाए रखने के लिए सतर्क रहेगा।

# महिंद्रा ने पैसेंजर व्हीकल की सेल में डबल डिजिट की ग्रोथ की हासिल

### कई कंपनियों पेंसेजर व्हीकल बिक्री में हासिल की ग्रोथ

**नई दिल्ली ।**

महिंद्रा पिछले महीने अपने पैसेंजर व्हीकल की सेल में डबल डिजिट की ग्रोथ हासिल करने में कामयाब रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम), किआ इंडिया, होंडा कार्स और स्कोडा ऑटो इंडिया ने भी अपने पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में अब तक की सबसे ज्यादा सेल रिकॉर्ड की है। मारुति सुजुकी इंडिया ने जुलाई 2021 में 1,33,732 इकाइयों की तुलना में 6.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1,42,850 इकाइयां बेची।कंपनी ने एक बयान में कहा, ÷इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स की कमी से वाहनों के मुख्य रूप से घरेलू मॉडल के उत्पादन पर मामूली प्रभाव पड़ा है. ऑटोमेकर की बिक्री का आंकड़ा मुख्य रूप से कॉम्पैक्ट कारों से आता है, जिसमें बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर शामिल हैं।इन कारों की बिक्री जुलाई 2022 में बढ़कर 84,818 यूनिट हो गई, जो एक साल पहले के महीने में 70,268 यूनिट थी।

हुंडई मोटर इंडिया ने घोषणा की कि उसकी घरेलू बिक्री पिछले महीने 50,500 यूनिट्स की थी, जो पिछले साल जुलाई में बेची गई 48,042 यूनिट्स के मुकाबले 5.1 प्रतिशत ज्यादा है।कंपनी के डायरेक्टर (सेल्स, मार्केटिंग और सर्विस) तरुण गर्ग ने कहा, ÷सेमीकंडक्टर की स्थिति में सुधार के साथ पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में पॉजिटिव ट्रेंड दिख रहा है. टाटा मोटर्स ने अपने घरेलू पैसेंजर वाहनों की बिक्री में 57 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है, जो कि ऑटोमेकर ने एक साल पहले महीने में 30,185 इकाइयों की तुलना में 47,505 इकाइयों की बिक्री की थी।कंपनी के पैसेंजर इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री भी जुलाई 2022 में बढ़कर 4,022 यूनिट हो गई, जो जुलाई 2021 में 604 यूनिट थी।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने पिछले महीने घरेलू पैसेंजर वाहनों की बिक्री में लगभग 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।वाहन निर्माता ने पिछले साल इसी महीने में 21,046 यूनिट की तुलना में 28,053 यूनिट बेची।महिंद्रा की पॉजिटिव बिक्री मुख्य रूप से इसके यूटिलिटी वाहनों से आई है। कंपनी ने हाल ही में अपनी पॉपुलर एसयूवी स्कॉर्पियो का नया मॉडल स्कॉर्पियो-एन भी लॉन्च किया है।खास बात यह है कि बुकिंग के पहले 30 मिनट के भीतर इस एसयूवी के लिए एक लाख से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके थे। बता दें कि सेमीकंडक्टर की स्थिति में जैसे-जैसे सुधार हो रहा है, वैसे-वैसे पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में भी काफी इजाफा होता जा रहा है।हाल ही में मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसे वाहन निर्माता कंपनियों की बिक्री में इजाफा हुआ है।




# केंद्रीय कर्मियों का इस साल ज्यादा बढ़ सकता है महंगाई भत्ता

### इस साल महंगाई की दर 7 फीसदी के आसपास, इसी अनुपात में बढ़ सकता है डीए

**नई दिल्ली ।**

महंगाई भत्ते (डीए) का इंतजार कर रहे लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को मोदी सरकार जल्े द तोहफा दे सकती है। इस साल की दूसरी छमाही के लिए डीए बढ़ाया जाना अभी बाकी है। एक रिपोर्ट की मानें तो इस बार सरकार ज्यादा बढ़ोतरी के मूड में दिख रही है। दरअसल, कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देश में जारी उपभोक्ता महंगाई के बोझ को घटाने के लिए दिया जाता है। इस साल महंगाई की दर 7 फीसदी के आसपास बनी हुई है, लिहाजा सरकार भी इसी अनुपात में महंगाई भत्ते की दर भी ज्यादा बढ़ाने की तैयारी में है। हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने अपने 7.5 लाख कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 3 फीसदी बढ़ाकर 34 फीसदी कर दिया है। नया डीए अगस्त से प्रभाव में आएगा और कर्मचारियों को सितंबर के वेतन से मिलने लगेगा। एमपी सरकार ने यह फैसला केंद्र के पिछले डीए बढ़ोतरी के आधार पर किया है। माना जा रहा है कि जल्े द ही केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए में बढ़ोतरी का फैसला कर लिया जाएगा। यह 2022 में जनवरी के बाद दूसरी डीए बढ़ोतरी होगी। ऐसे कयास भी लगाए जा रहे कि इस बार डीए 3 से 4 फीसदी के बीच बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय कर्मचारियों को अभी 34 फीसदी डीए मिल रहा है और अगर सरकार 4 फीसदी की बढ़ोतरी करती है तो कुल डीए बढ़कर 38 फीसदी हो जाएगा। इससे पहले केंद्र ने जुलाई, 2021 में डीए बढ़ाकर 17 फीसदी से 28 फीसदी किया था। अक्टूबर में फिर डीए 3 फीसदी बढ़ाया और जुलाई, 2021 से प्रभावी कर इसे 31 फीसदी पहुंचा दिया। जनवरी, 2022 में केंद्र सरकार ने फिर 3 फीसदी डीए का तोहफा दिया और कुल महंगाई भत्े ता बढ़कर 34 फीसदी पहुंच गया। हालांकि, अभी अधिकतर राज्यों में 31 फीसदी डीए ही दिया जा रहा है, जबकि केंद्र के 47.68 लाख कर्मचारियों और 68.62 लाख पेंशनभोगियों को 34 फीसदी डीए मिल रहा है।जैसा कि अनुमान है अगर केंद्र सरकार 4 फीसदी डीए बढ़ाती है तो अभी 30 हजार रुपए बेसिक पाने वाले कर्मचारी को 34 फीसदी के हिसाब से 10,200 रुपए डीए मिलता है लेकिन, डीए बढ़कर 38 फीसदी हो जाने पर उसे कुल महंगाई भत्ता 11,400 रुपए मिलेगा।



## एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में सरकार की हिस्सेदारी बढ़कर 7.15 प्रतिशत हुई




**मुंबई ।**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में अपने शेयरों की बिक्री के साथ सरकार की एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बढ़कर 7.15 प्रतिशत हो गई। बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में यह 5.48 प्रतिशत थी। एक विश्लेषण के अनुसार मूल्य के लिहाज से सरकार की एनएसई कंपनियों में हिस्सेदारी जून तिमाही में 20.24 प्रतिशत बढ़कर 16.99 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई। एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी बेचने के चलते सरकार का एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में मूल्य बढ़ा है। मार्च 2022 में 14.13 लाख करोड़ रुपए था। यह हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्य से कम है, जिसका बाजार पूंजीकरण 17.63 लाख करोड़ रुपए है। जाकारी के अनुसार मई में एलआईसी में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को 20,557 करोड़ रुपए में बेचने के कारण सरकार के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि पिछले 13 साल यानी जून 2009 से सरकार की सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी लगातार घट रही है।

वर्ष 2009 में सरकार की सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी 22.48 प्रतिशत थी। जून, 2022 में यह घटकर 7.15 प्रतिशत रह गई। ऐसा विनिवेश के कारण हुआ है। दूसरी तरफ, सूचीबद्ध कंपनियों में निजी प्रवर्तकों की हिस्सेदारी जून तिमाही में घटकर 44.33 प्रतिशत रह गई, जो इससे पिछली मार्च तिमाही में 45.12 प्रतिशत थी।

## नई मोटरसाइकल हंटर 350 लॉन्च करने की तैयारी

### -कंपनी की इंडियन टू-व्हीलर कंपनियों में बेहद खास जगह




**नई दिल्ली ।**

जानीमानी कंपनी रॉयल एनफील्ड ने जुलाई 2022 सेल्स रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कंपनी ने डोमेस्टिक मार्केट में सेल के साथ ही एक्सपोर्ट में सालाना ग्रोथ दर्ज की है। कंपनी फिलहाल अपनी नई मोटरसाइकल हंटर 350 लॉन्च करने की तैयारी में है और इसकी कीमत का खुलासा आगामी 7 अगस्त को होने वाला है। रॉयल एनफील्ड बाइक्स जुलाई 2022 सेल्स रिपोर्ट देखें तो इस देसी कंपनी ने पिछले महीने डोमेस्टिक और इंटरनेशनल मार्केट में कुल 55,555 मोटरसाइकल सेल कीं। घरेलू बाजार में 44,038 यूनिट बिकीं जो कि जुलाई 2021 की तुलना में 26 फीसदी ज्यादा है।कंपनी ने 9026 यूनिट्स एक्सपोर्ट किए और यह जुलाई 2021 के मुकाबले 90 फीसदी ज्यादा है।बीते कुछ महीनों के दौरान रॉयल एनफील्ड बाइक्स की मंथली सेल में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई हालांकि, कंपनी 350 सीसी और इससे ज्यादा पावरफुल बाइक सेगमेंट में अब भी बिक्री के मामले में पहले नंबर पर है.आपको बता दें कि क्लासिक 350 रॉयल एनफील्ड की टॉप सेलिंग बाइक है और हर महीने इसकी हजारों यूनिट बिकती है और 350 सीसी सेगमेंट में मीटियॉर 350, बुलेट 350 जैसी बाइक्स भी है।वहीं, एडवेंचर और स्क्रैम्बलर सेगमेंट में हिमालयन और स्क्रैम 411 की भी बढ़िया सेल होती है। अब इस महीने रॉयल एनफील्ड की सबसे किफायती बाइक मानी जा रही हंटर 350 लॉन्च होने वाली है और जिसके लुक और फीचर्स के बारे में जानकारी आ रही है।आने वाले समय में 650 सीसी सेगमेंट में सुपर मीटियॉर 650 और शॉटगन 650 जैसी बाइक भी भारत में लॉन्च होंगी। बता दें कि रॉयल एनफील्ड की इंडियन टू-व्हीलर कंपनियों में बेहद खास जगह है और जो लोग 300 सीसी से ज्यादा की मोटरसाइकल खरीदना चाहते हैं, उनके लिए रॉयल एनफील्ड ने क्लासिक 350 और मीटियॉर 350 जैसी बाइक्स बढ़िया विकल्प हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में पाइप वाली रसोई गैस 2.63 रुपए महंगी

### - दिल्ली में पीएनजी का दाम अब 50.59 रुपए प्रति घनमीटर होगा




**नई दिल्ली ।**

दिल्ली और आसपास के शहरों में पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) शुक्रवार से 2.63 रुपए प्रति इकाई महंगी हो गई है। दो सप्ताह से भी कम समय में पीएनजी के दाम दूसरी बार बढ़ाए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लि. ने कहा कि दिल्ली में पीएनजी का दाम अब 50.59 रुपए प्रति घनमीटर होगा। अभी तक यह 47.96 रुपए प्रति इकाई था। आईजीएल ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि इस बढ़ोतरी से गैस की उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की आंशिक भरपाई हो पाएगी। इससे पहले 26 जुलाई को पीएनजी के दाम 2.1 रुपए प्रति इकाई बढ़ाए गए थे। उल्लेखनीय हे कि सरकार ने बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए महंगी आयातित एलएनजी के इस्तेमाल को जरूरी कर दिया है। इसके चलते गैस के दाम बढ़े हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल शहर गैस वितरकों को आपूर्ति से पहले स्थानीय स्तर पर उत्पादित और आयातित गैस के औसत के हिसाब से दरें तय करती है। देश के अन्य शहरों में भी पीएनजी के दाम बढ़ चुके हैं।

मुंबई में महानगर गैस लि. (एमजीएल) ने सीएनजी का दाम छह रुपए प्रति किलोग्राम और पीएनजी का चार रुपए प्रति इकाई बढ़ाया है। एमजीएल ने बयान में कहा कि गैस की उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से हमें भी दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं।

सीएनजी का खुदरा दाम बढ़ाकर 86 रुपए प्रति किलोग्राम और पीएनजी का 52.50 रुपए प्रति किलोग्राम किया जा रहा है। हालांकि, आईजीएल ने सीएनजी के दाम नहीं बढ़ाए हैं।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## जडेजा ने अब सीएसके से जुड़े ट्वीट हटाये

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा के चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम से मतभेद बढ़ते जा रहे हैं। जडेजा को इस बार टीम ने आईपीएल सत्र से ठीक पहले कप्तान बनाया था पर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें बीच में ही हटाकर महेन्द्र सिंह धोनी को कप्तानी सौंप दी। उसी के बाद से ही जडेजा और सीएसके के बीच दूरियां बढ़ गयीं। जडेजा का अंतिम मैचों के लिए टीम में जगह नहीं मिली जिसके बाद उन्होंने सीएसके से जुड़े सभी इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिये थे। वहीं दूसरी ओर सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथ ने कहा है कि जडेजा के साथ कोई झगड़ा नहीं है। विश्वनाथ ने कहा, देखिए, यह उनका निजी फैसला है। हमें अपनी तरफ से इस तरह की घटनाओं की जानकारी नहीं है। टीम में सब ठीक है। कुछ भी गलत नहीं है। पहले उन्होंने इंस्टाग्राम से सीएसके से संबंधित सभी पोस्ट हटा दिए थे और अब ट्वीट को डिलीट कर दिया है। जडेजा के इस कदम से सीएसके के प्रशंसक काफी निराश हैं। इस साल की शुरुआत में जब निलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन किया जा रहा था तो सीएसके ने सबसे पहले 16 करोड़ रुपए में जडेजा को रिटेन किया था। इसके बाद प्रबंधन ने जडेजा को सीएसके की कप्तानी सौंपी।

# विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी रूपल

**कैली (कोलंबिया) (एजेंसी)।**

उत्तर प्रदेश के एक किसान की बेटी रूपल चौधरी विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। रूपल ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने 4×400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया था। रूपल उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के शाहपुर जैनपुर गांव की रहने वाली है। उनके पिता किसान हैं। यह 17 वर्षीय एथलीट बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने तीन दिन के अंदर 400 मीटर की चार दौड़ में हिस्सा लिया। गुरुवार की रात को महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में रूपल ने 51.85 सेकेंड के समय के साथ ग्रेट ब्रिटेन की यमी मैरी जॉन (51.50) और कीनिया की दमारिस मुटुंगा (51.71) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले वह उस रिले टीम का हिस्सा थी जिसने मंगलवार को 4×400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। भारतीय टीम ने तीन मिनट 17.76 सेकंड का समय लेकर एशियाई जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। वह अमरीका के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। रूपल ने उसी दिन व्यक्तिगत 400 मीटर दौड़ के पहले दौर में हिस्सा लिया था और उसके बाद बुधवार को वह सेमीफाइनल और गुरुवार को फाइनल में उतरी थी। उन्होंने चैंपियनशिप में दो बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पहली बार सेमीफाइनल में उन्होंने 52.27 सेकंड का समय निकाला और फिर फाइनल में इस समय में सुधार किया। इस साल के शुरू में रूपल ने खिताब की प्रबल दावेदार कर्नाटक की प्रिया मोहन को पीछे छोड़ कर राष्ट्रीय अंडर-20 फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। रूपल विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय हैं। इससे पहले 2018 में हिमा दास ने 51.46 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता था।




ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने 2016 में पोलैंड में खेली गई प्रतियोगिता में सोने का तमगा जीता था। रूपल का कांस्य पदक भारत का चैंपियनशिप में कुल नौवां पदक है। इस चैंपियनशिप को पहले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था।

भारत ने पिछली बार कीनिया के नैरोबी में खेली गई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता था।

# राष्ट्रमंडल हॉकी : वेल्स को हराकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम ।(एजेंसी)**



हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक के दम पर आखिरी लीग मैच में वेल्स को 4-1 से हराकर भारतीय टीम ने पूल बी में शीर्ष पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले मैच में घाना को 11.0 से और तीसरे मैच में कनाडा को 8.0 से हराने वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड से 4.4 से ड्रॉ खेला था। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज मनप्रीत सिंह की टीम प्लस 22 के गोल औसत के साथ पूल बी में शीर्ष रही और अब सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से सामना नहीं करना पड़ेगा बशर्ते इंग्लैंड आखिरी मैच में कनाडा को 15.0 से ना हरा दे। टोक्यो ओलिम्पिक कांस्य पदक विजेता भारत ने आखिरी लीग मैच में आक्रामक शुरूआत की और दूसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत ने दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके हाफ टाइम तक 2.0 की बढत दिला दी। हरमनप्रीत और गुरजंत सिंह ने आखिरी दो क्वार्टर में एक एक गोल करके बढ़त 4.0 की कर दी। वेल्स के लिए एकमात्र गोल जेरेथ फर्लोंग ने चौथे क्वार्टर में किया। सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार छह अगस्त को खेले जाएंगे।

## पाक और श्रीलंकाई बोर्ड ने खिलाड़ियों के विदेशी लीग में खेलने पर पाबंदी लगायी

**लाहौर ।(एजेंसी)**

भारत के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने भी अपने खिलाड़ियों के विदेशी लीग में खेलने पर पाबंदी लगा दी है। इससे खिलाड़ियों का करारा झटक लगा है। अब उनकी विदेशी लीग से होने वाली कमाई रुख जाएगी। इसी के तहत ही पिछले दिनों पीसीबी ने खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले बिग बैश लीग के लिए एनओसी नहीं दी थी। अब श्रीलंकाई बोर्ड ने अपने ऑलराउंडर वानिंदुर हसारंगा को इंग्लैंड में चल रहे द हंड्रेड में एनओसी देने से मना कर दिया है। उन्हें मैनचेस्टर ओरिजनलस ने लगभग एक करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनचेस्टर ने अब उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स को अवसर दिया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी एश्ले डिसिल्वा ने कहा कि एशिया कप और टी20 विश्व कप को देखते हुए हम खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर तरोताजा रखना चाहते हैं। इसी के साथ उन्हें विदेशी लीग में खेलने से मना किया जा रहा है। एशिया कप 27 अगस्त से यूएई में शुरू हो रहा है जबकि टी20 विश्व कप के मुकाबले अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने हैं। इससे पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह ने भी द हंड्रेड से नाम वापस ले लिया। उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम में जगह मिली है।

# राष्ट्रमंडल खेलः श्रीशंकर ने लंबी कूद में रजत पदक के साथ रचा इतिहास

**बर्मिंघम ।(एजेंसी)**

भारत के मुरली श्रीशंकर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा लेकिन मोहम्मद अनीस याहिया पांचवें स्थान पर रहे। श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार श्रीशंकर ने अपने पांचवें प्रयास में 8.08 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले बहामास के लेकुआन नेर्न ने भी अपनी दूसरी कोशिश में 8.08 मीटर का ही सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। लेकुआन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि 7.98 मीटर का रहा जो श्रीशंकर के 7.84 मीटर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर रहा जिसके कारण उन्हें विजेता घोषित किया गया। साथ ही लेकुआन ने अपने दूसरे प्रयास में यह दूरी हासिल की और उन्हें हवा से कम सहायता मिली। श्रीशंकर के प्रयास के समय हवा की गति प्लस 1.5 मीटर प्रति सेकेंड जबकि नेर्न के प्रयास के समय माइनस 0.1 मीटर प्रति सेकेंड थी। दक्षिण अफ्रीका के योवान वान वुरेन ने 8.06 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। श्रीशंकर और याहिया दोनों क्रमशः 8.36 मीटर और 8.15 मीटर के अपने निजी और सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे रहे। अगर ये दोनों अपने निजी सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन की बराबरी करते तो भारत को स्वर्ण और रजत पदक मिल सकते थे। श्रीशंकर क्वालीफाइंग दौर में एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने 8.05 मीटर के साथ आठ मीटर का स्वतः क्वालीफाइंग स्तर हासिल किया था। श्रीशंकर और याहिया छह प्रयास के फाइनल में तीन प्रयास के बाद क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर चल रहे थे। बारह खिलाड़ियों के फाइनल में तीन प्रयास के बाद शीर्ष आठ खिलाड़ियों को ही अगले तीन प्रयास करने की स्वीकृति होती है।

### संक्षिप्त समाचार



## टी20 विश्व कप से पहले रोहित और द्रविड़ पर है ये बड़ी जिम्मेदारीः पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल को लगता है कि अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ पर सही संयोजन हासिल करने की बड़ी जिम्मेदारी है। 2007 में दक्षिण अफ्रीका में उद्घाटन समारोह में खिताब जीतने के बाद से भारत को खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पदक की दरकार है। एक नए कप्तान और कोच के तहत आगामी टूर्नामेंट में भारत से अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीदें अधिक हैं जहां उन्होंने बल्ले से आक्रामक रुख अपनाया है। पटेल ने कहा, सही टीम का चयन भारत के लिए परिणाम निर्धारित करेगा। रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ पर आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ संयोजन के साथ आने की बड़ी जिम्मेदारी है। भारत के लिए 25 टेस्ट, 38 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पटेल ने टिप्पणी की कि मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, जो घरेलू धरती पर खिताब की रक्षा करेगा भारत को मजबूत प्रतिस्पर्धा दे सकता है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया भारत को कड़ी टक्कर दे सकता है क्योंकि टीम मजबूत दिखती है। यहां तक कि इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका ने भी पिछले विश्व कप की तुलना में अपने खेल में सुधार किया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया अधिक मजबूत दावेदार दिखता है। पिछले कुछ मैचों में भारतीय टीम के लिए सलामी जोड़ी में लगातार बदलाव किए गए हैं जिसमें सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत को भी आजमाया गया है, इस बारे में पूछे जाने पर पटेल ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि टीम फिटनेस के मुद्दों के कारण प्रयोगात्मक चरण में है जिसका खिलाड़ी सामना कर रहे हैं। पटेल ने मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2015 और 2017 जीता था और खेल के सभी रूपों से संन्यास लेने के एक दिन बाद उनकी प्रतिभा स्काउट के रूप में नामित किया गया था, ने युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा को भारतीय क्रिकेट में अपनी पसंदीदा युवा प्रतिभा के रूप में नामित किया। उन्होंने कहा, एक अनकैप्ड खिलाड़ी जिसने मुझे उत्साहित किया है, वह है तिलक वर्मा। उन्होंने आईपीएल 2022 में वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की, तब भी जब उनकी टीम सबसे अच्छी स्थिति में नहीं थी। 17 साल की उम्र में शुरू हुए भारतीय टीम में अपने करियर को याद करते हुए कहा कि पार्थिव ने कहा कि भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के पास सबसे अच्छा प्रबंधन कौशल था और वह सभी को शांत करने में अच्छे थे। उन्होंने कहा, अगर हमारा दिन बहुत अच्छा नहीं चल रहा था, या खेल अच्छा नहीं चल रहा था, तो वह सभी को अच्छा महसूस कराता था। वह हमेशा अपने साथ मैरीगोल्ड बिस्कुट ले जाता था और सभी को देता था।

# सट्टेबाजी कंपनी का समर्थन करने पर बुरे फंसे शाकिब, जांच करेगा बीसीबी

**ढाका ।(एजेंसी)**

बांग्लादेश के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार शाकिब अल हसन फिर से विवादों से घिर गए हैं क्योंकि उनके देश के क्रिकेट बोर्ड ने सट्टेबाजी कंपनी के समर्थन में की गई उनकी हाल की सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2019 में भारतीय सट्टेबाज की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने पर शाकिब पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश के वर्तमान नियमों के अनुसार सट्टे से जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि को बढ़ावा देना या उसका समर्थन करना निषेध है। रिपोर्ट के अनुसार, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) इस ऑलराउंडर की हाल में सोशल मीडिया डाली गई उस पोस्ट की जांच करेगा, जिसमें उन्होंने ''बेटविनर न्यूज'' नामक कंपनी के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की थी।' बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा कि शाकिब को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। शाकिब ने लगभग 400 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में 12,000 से अधिक रन और लगभग 650 विकेट लिए हैं। नजमुल ने कहा, 'दो बातें हैं। पहला अनुमति लेने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि हम इस तरह की अनुमति नहीं देंगे। सट्टेबाजी से जुड़ी किसी भी चीज में हम अनुमति नहीं देंगे। इसका मतलब है कि उन्होंने हमसे अनुमति देने के लिए नहीं कहा था। दूसरी



बात हम यह जानना चाहते हैं कि क्या उन्होंने करार पर हस्ताक्षर किए हैं या नहीं।' बीसीबी की गुरुवार को बैठक हुई जिसमें शाकिब कि सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया गया। नजमुल ने कहा, 'बैठक में यह मुद्दा उठाया गया और हमने कहा कि यह कैसे हो सकता है क्योंकि यह असंभव है। अगर ऐसा हुआ है तो उनसे तुरंत पूछना होगा। उन्हें नोटिस जारी करो और पूछो कि यह सब कैसे हुआ क्योंकि बोर्ड इसकी अनुमति नहीं देता। यह सट्टेबाजी से जुड़ा है और हम इसकी अनुमति नहीं देंगे।'

## बिग बैश लीग को खतरा, यूएई लीग के लिए 15 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मोटी रकम की पेशकश




**सिडनी ।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की इंटरनेशनल लीग (आईएल टी20) ने आस्ट्रेलिया के चोटी के 15 खिलाड़ियों को बिग बैश लीग (बीबीएल) से हटने और उनकी लीग में खेलने के लिए 70,0000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की है, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चिंतित है। इन दोनों लीग का आयोजन एक ही समय में होना है। बिग बैश लीग 13 दिसंबर से चार फरवरी के बीच खेली जाएगी जबकि आईएल टी20 का पहला टूर्नामेंट छह जनवरी से 12 फरवरी के बीच खेला जाना है। इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए दोनों लीग में शामिल होना नामुमकिन है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड'के अनुसार कम से कम 15 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को बिग बैश लीग से हटने और यूएई की लीग में खेलने के लिए सात लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की गई है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ियों के मौजूदा केंद्रीय अनुबंध के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। डेविड वॉर्नर 2014 में इस लीग में नहीं खेले थे। बीबीएल का अब तक का सबसे अधिक भुगतान डार्सी शॉर्ट को 258,000 अमेरिकी डॉलर (370,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर) किया गया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को जो भुगतान किया गया है, उसकी तुलना में यह रकम काफी कम है। लेकिन आईपीएल लीग के मालिकों ने यूएई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में भी निवेश किया है और ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को बीबीएल के लिए अपने भुगतान ढांचे में बदलाव करने की जरूरत होगी। समाचार पत्र के अनुसार, 'यूएई लीग में खिलाड़ियों को मोटी रकम की पेशकश की गई है जो कि बीबीएल से बहुत अधिक है जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स संघ दबाव में हैं।'

## मुंबई सिटी एफसी ने जॉर्ज परेरा डियाज से किया करार



**मुंबई ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी मुंबई सिटी एफसी ने गुरुवार को अर्जेंटीना के सेंटर फारवर्ड जॉर्ज परेरा डियाज के साथ करार की घोषणा की। डियाज मई 2023 तक एक साल के अनुबंध पर मुंबई सिटी एफसी के साथ जुड़े हैं। डियाज ने कहा कि मैंने भारत में एक सत्र बिताया है लेकिन कुछ ही क्लब हैं जिनकी महत्वाकांक्षाएं मुंबई सिटी जैसी हैं और मुझे लगता है कि यह पिछले सत्र में एशिया में क्लब के प्रदर्शन में साफ दिखा। क्लब के मुख्य कोच डेस बकिंघम ने डियाज को एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी करार दिया और कहा कि आईएसएल में खेलने का उनका अनुभव उन्हें जल्दी लय हासिल करने में मदद करेगा। डियाज 2021-22 सत्र से पहले भारत पहुंचे थे और आईएसएल फ्रेंचाइजी केरल ब्लास्टर्स के साथ उन्होंने करार किया। उन्होंने टीम के फाइनल तक के सफर के दौरान आठ गोल किए और एक गोल करने में मदद की।

## राष्ट्रमंडल खेलः सुधीर ने हैवीवेट स्पर्धा में रचा इतिहास, गोल्ड जीतने वाले बने पहले भारतीय



**बर्मिंघम । (एजेंसी)**

भारत के सुधीर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा के पुरुष हैवीवेट फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। सुधीर राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 212 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड 134.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 217 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे। नाइजीरिया के इकेचुकवु क्रिस्टियन उबिचुकवु ने 133.6 अंक के साथ रजत जबकि स्कॉटलैंड के मिकी यूले ने 130.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। क्रिस्टियन ने 197 किग्रा जबकि यूले ने 192 किग्रा वजन उठाया। इससे पहले मनप्रीत कौर और सकीना खातून महिला लाइटवेट फाइनल में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं जबकि पुरुष लाइटवेट फाइनल में परमजीत कुमार तीनों प्रयासों में विफल रहने के बाद अंतिम स्थान पर रहे। मनप्रीत ने अपने पहले प्रयास में 87 और दूसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाया लेकिन तीसरे प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं। मनप्रीत को 89.6 अंक मिले। दूसरी तरफ सकीना पहले प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने इस वजन को उठा लिया। उनका 93 किग्रा का तीसरा प्रयास नाकाम रहा। उन्हें 87.5 अंक मिले। इंग्लैंड की जो न्यूसन ने 101 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 102.2 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक जीता। उनकी हमवतन ओलीविया ब्रूम ने 111 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 100 अंक जुटाकर रजत पदक जीता। कीनिया की हेलेन वाविरा कारियुकी ने 97 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 98.5 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष लाइटवेट फाइनल में परमजीत तीन में से अपने किसी भी प्रयास में 165 किग्रा वजन नहीं उठा पाए और प्रतियोगिता से बाहर हो गए। मलेशिया के बोनी बुनयाउ गस्टिन ने अपने तीसरे प्रयास में 220 किग्रा वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड 154.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इंग्लैंड के मार्क स्वान ने 145.5 अंक के साथ रजत जबकि नाइजीरिया के इनोसेंट नामदी ने 132.5 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। स्वान और नामदी ने क्रमशः 202 किग्रा और 190 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

## वेस्टइंडीज को हराकर पाक का रिकार्ड तोड़ने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**फ्लोरिडा ।** टीम इंडिया की नजरें अब अमेरिका में होने वाले अगले दो मैचों में वेस्टइंडीज को हराकर पांच मैचों की सीरीज में जीत दर्ज करने के साथ ही वेस्टइंडीज पर सबसे ज्यादा जीत के पाकिस्तान के रिकार्ड को भी तोड़ना रहेगा। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ ही उसके नाम सीरीज हो जाएगी। इसके अलावा पाक के वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने के रिकार्ड को भी भारतीय टीम तोड़कर नंबर एक पर पहुंच जाएगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक कुल 23 टी20 के मुकाबले खेले गए हैं। इसमें टीम इंडिया ने 15 मैच जीते हैं। वहीं पाकिस्तान ने 21 में से 15 मैच में वेस्टइंडीज को हराया है। भारतीय टीम ने अब तक जिस प्रकार से खेला है उसे देखते हुए उसका सीरीज जीतना तय माना जा रहा है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाजी अभी अच्छे फार्म में हैं। बल्लेबाजी में युवा सूर्यकुमार यादव ने अब तक शानदार बल्लेबाजी कर सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उन्होंने एक अर्धशतक भी लगाया है। वहीं. कप्तान रोहित शर्मा सहित अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। अर्शदीप ने 4 विकेट लिए हैं जबकि ऑफ स्पिनर आर अश्विन और तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 3-3 विकेट लिए हैं। रोहित कप्तान बनने के बाद से ही लगातार जीते हैं । ऐसे में वह इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे।



# लाल सिंह चड्ढा थिएट्रिकल रिलीज के 6 महीने बाद ओटीटी पर आयेगी : आमिर

हर गुजरते दिन के साथ, आमिर खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म लाल सिंह चड्ढा अपनी थिएट्रिकल रिलीज के करीब पहुंच रही है और दर्शकों के बीच इसके लिए इंतेजार करना मुश्किल हो गया है। 'लाल सिंह चड्ढा' को लेकर उत्साह सितारों को छू रहा है और यह कहना जल्दबाजी नहीं होगी कि आमिर खान अभिनीत फिल्म के थिएट्रिकल रिलीज के 6 महीने बाद तक ओटीटी पर रिलीज नहीं होगी।

सिनेमा में हिट होने के तुरंत बाद कई फिल्में ओटीटी पर रिलीज होती हैं, यही वजह है कि दर्शकों के बीच थिएटर जाने और फिल्म देखने की उत्सुकता कुछ कम हो गई है। उसी के बारे में बात करते हुए, आमिर खान कहते हैं, 'मुख्य रूप से मुझे लगता है कि सिनेमाघरों में जाने की उत्सुकता कम हो गई है, क्योंकि फिल्में सिनेमाघरों में आने के ठीक बाद ओटीटी पर आती हैं, और वे बहुत तेजी से ओटीटी पर आती हैं। इसलिए मैंने हमेशा अपनी फिल्मों के लिए 6 महीने का गैप रखने की कोशिश की है। मुझे नहीं पता कि इंडस्ट्री क्या फॉलो करती है, लेकिन मुझे 6 महीने का गैप रखना पसंद है। इसलिए मैंने अपनी सभी फिल्मों के लिए यही करने की कोशिश की और अब तक हमने इसे प्रबंधित किया है।' लाल सिंह चड्ढा के आसपास अंतहीन डेवलपमेंट तारीफ के काबिल हैं, क्योंकि प्रशंसक फिल्म के ट्रेलर, साउंडट्रैक, म्यूजिक वीडियो और निर्माताओं द्वारा रिलीज किए गए हर हिस्से के बारे में जानना पसंद कर रहे हैं। इस बीच, लाल सिंह चड्ढा के ट्रेलर को हर तरफ से प्यार मिल रहा है। दर्शक आमिर खान को लाल सिंह चड्ढा की जीवन यात्रा का किरदार करते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव और वायकॉम 18 स्टूडियो द्वारा निर्मित 'लाल सिंह चड्ढा' में करीना कपूर खान, मोना सिंह और चैतन्य अक्किनेनी भी हैं। यह फॉरेस्ट गंप की आधिकारिक रीमेक है। फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी।

# शादी के 23 साल बाद भी अजय देवगन गर्लफ्रेंड की तरह ही करते हैं कजोल की चिंता

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस काजोल 5 अगस्त को 48 साल की हो गई हैं। एक्ट्रेस ने एक लंबे समय तक बॉलीवुड में काम किया है और आज भी वह फिल्मों में काफी एक्टिव रहती हैं। कजोल ने अपने कमबैक के साथ कई फिल्में और वेबसीरीज भी की है। काजोल उन एक्ट्रेस में से एक हैं जिन्होंने वक्त के साथ अपने अंदर परिवर्तन किए और वक्त के साथ साथ चली। एक्ट्रेस 48 साल की उम्र में भी फिल्मों में काम कर रही हैं। काजोल और अजय देवगन की जोड़ी पर्दे पर तो हिट ही है लेकिन रीयल लाइफ में भी दोनों का प्यार बरकरार है। जहां लोगों की 25-25 साल पुरानी शादियां टूट जाती है ऐसे में बॉलीवुड का ये कपल शादी के 23 साल बाद भी अपने रोमांस और केमिस्ट्री को बरकरार रखे हुए हैं। यह हम केवल काजोल और अजय की तारीफ में नहीं बोल रहे हैं बल्कि अपनी पत्नी के जन्मदिन पर जिस अंजाद में अजय देवगन ने विश किया है उस आधार पर बोल रहे हैं। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर काजोल के जन्मदिन पर उन्हें विश करने के लिए एक वीडिया शेयर की हैं जिसमें काजोल का कॉल अजय के फोन पर आता है और अजय कोजल के कॉल को कभी मिल नहीं करते हैं। कॉल करते ही काजोल की कई सारी रेड ड्रेस में तस्वीरें वीडियो में दिखाई देने लगती हैं। तो आप ही बताएं कि शादी के 23 साल बाद भी अजय अपनी पत्नी को खुश करने के लिए नया-नया स्टाइल अपनाते हैं, तो बॉलीवुड के बेस्ट कपल में से एक होने का खिताब तो अपने सिर पर रखते ही हैं। अभिनेता अजय देवगन और काजोल पहली बार 1995 में मिले थे उन्होंने 1999 में शादी के बंधन में बंध गए। इस जोड़े ने 2003 में एक बेटी, न्यासा और 2010 में एक बेटे, युग का स्वागत किया। अजय देवगन और काजोल ने 1999 में शादी की।






# 24 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म 'लाइगर'

फिल्म 'लाइगर' से बॉलीवुड में डेब्यू करनेवाले युवा स्टार विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे ने फिल्म के प्रचार के लिए महंगी गाड़ियों को छोड़ मुंबई के लोकल ट्रेन का विकल्प चुना। दोनों ने मुंबई के खार स्टेशन से लोअर परेल तक का सफर तय किया। साथ ही फिल्म के निर्माताओं ने इस फिल्म का दूसरा गाना 'वाट लगा देंगे' भी रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर, अकड़ी पकड़ी और वाट लगा देंगे गाने को देखते हुए ऐसे लग रहा है कि छोटे से लेकर बड़ों तक, हर समूह के दर्शक आकर्षित होने की संभावना है। सोशल मिडिया के जरिये प्रशंसक फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता और प्यार जाहिर कर रहे हैं। हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ जैसी पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली यह पॅन इंडिया फिल्म और इसकी कास्ट सभी के लिए उत्सुकता का विषय बन रही है। पुरी जगन्नाध द्वारा निर्देशित फिल्म लाइगर में माइक टायसन भी नजर आनेवाले है और यह फिल्म 24 अगस्त को सभी सिनेमाघरों रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# 'फाइटर' मोड में रितिक रोशन, थ्रोबैक तस्वीरें शेयर कर ट्रेनर से पूछा मस्ती भरा सवाल


रितिक रोशन इंडस्ट्री में सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं। एक सॉलिड परफॉर्मर होने के साथ-साथ रितिक निस्संदेह सबसे फिट और सेक्सिसस्ट मैन हैं। उनके फिटनेस गोल्स हमेशा उनके प्रशंसकों को हैरान और प्रेरित करने में कामयाब रहे हैं। इन दिनों वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की तैयारी कर रहे हैं। रितिक ने हाल ही में विक्रम वेधा की शूटिंग पूरी की है और अब वो अपनी नेक्स्ट अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' में जुड़ गए हैं। हाल में रितिक रोशन ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ थ्रो बैक तस्वीरें साझा की हैं, जहां अभिनेता को अपने ट्रेनर के साथ अपनी फिल्म फाइटर की तैयारी करते देखा जा सकता हैं। इन तस्वीरों में रितिक सुपर टोन्ड लग रहे हैं और उनसे सभी की नजरें हटनी मुश्किल है। वह शर्टलेस नजर आ रहे हैं। उन्हें अपने ट्रेनर संग दौड़ लगाते हुए देखा जा सकता है। रितिक ने तस्वीरें शेयर करते हुए अपने ट्रेनर को टैग कर लिखा, 'क्या तुम तैयार हो? क्योंकि मैं नहीं हूं। फाइटर मोड में जाने की जरूरत है। #throwback रितिक की इन तस्वीरों पर फैंस और सेलेब्स जमकर कमेंट कर रहे हैं। वहीं रितिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने भी कमेंट कर उनकी तारीफ की है। सबा ने लिखा, 'हां, तुम हो. तुम तैयार ही पैदा हुए थे. गो निंजा!' बता दें फिल्म 'फाइटर' में रितिक रोशन के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में दोनों का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। 'फाइटर' 28 सितंबर 2023 को रिलीज होगी।





# रश्मिका मंदाना के साथ अफेयर पर बोले विजय देवराकोंडा, कहा -वो डार्लिंग हैं

फिल्ममेकर करण जौहर का चैट शो 'कॉफी विद करण 7' इन दिनों खूब चर्चा में है। चैट शो के इस हफ्ते विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे गेस्ट बनकर पहुंचे। दोनों ने शो में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में करण ने जब उनसे पूछा कि रश्मिका मंदाना उनकी गर्लफ्रेंड हैं या नहीं तो इस पर विजय ने काफी दिलचस्प अंदाज में जवाब दिया। विजय ने रश्मिका को 'डार्लिंग' कह कर बुलाया और ये भी कहा है कि वो और रश्मिका बहुत ही अच्छे दोस्त हैं। आगे बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में रश्मिका के साथ दो फिल्में की हैं, ऐसे में दोनों काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। इस पर अनन्या ने इशारों में ही सही, लेकिन रश्मिका के साथ विजय के रिलेशनशिप का हिंट दे दिया। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# अनुराग कश्यप की फिल्म दोबारा में नजर आयेगी तापसी

तापसी पन्नू स्टारर एकता आर कपूर और अनुराग कश्यप की बहुप्रतीक्षित फिल्म दोबारा में तापसी पन्नू के साथ एक बार फिर पावेल गुलाटी नजर आने वाले हैं। फिल्म में राहुल भट्ट, शाश्वत चटर्जी, विदुषी मेहरा, सुकांत गोयल, नासर, निधि सिंह और मधुरिमा रॉय भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पुरस्कार विजेता अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनीत, यह फिल्म प्रशंसित निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और शोभा कपूर और एकता आर कपूर की कल्ट मूवीज द्वारा निर्मित है, जो बालाजी टेलीफिल्म्स और सुनीर खेतरपाल और गौरव बोस (एथेना) के तहत एक नई विंग है। फ़िल्म 19 अगस्त 2022 को सभी नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

इस फिल्म का दमदार ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ। लंदन फिल्म फेस्टिवल और फैंटासिया फिल्म फेस्टिवल 2022 जैसे सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में से एक में ओपनिंग के बाद, अब दोबारा का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है, जबकि तापसी टीवी स्क्रीन के माध्यम से सरप्राइज पैकेज के रूप में सामने आई हैं। दोबारा का ट्रेलर साल 2022 में रिलीज़ हुए सबसे दिलचस्प और मनोरंजक ट्रेलरों में से एक है। पूरे ट्रेलर में, निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस, डर और अलार्म में रखा है। दोबारा का हर फ्रेम रोमांचक है, यह दर्शकों को बांधे रखता है। फिल्म के लिए बीजीएम का काम इतना शानदार है कि यह आपको बांधे रखता है और दर्शक और ज्यादा चाहते हैं। उत्साह बेहद ज्यादा है, क्योंकि निर्माता हमें अचानक क्लिफहैंगर्स पर रखते हैं। ट्रेलर की कहानी समझ में आती है फिर भी मेकर्स ने दर्शकों के लिए खाली जगह छोड़ी है। हर सेकेंड बीतने के साथ कौन, कहां और कैसे को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है।

# पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के म्यूजिक कॉन्सर्ट में पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा भले ही विदेश में घर बसा चुकी हों, लेकिन अपने कल्चर से उन्हें आज भी उतना ही प्यार है। हाल ही में प्रियंका लॉस एंजेलिस में सिंगर दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में शामिल हुईं, जहां वो पंजाबी गानों पर जमकर डांस करती हुई नजर आईं। इस वीडियो में स्टेज पर दिलजीत पंजाबी गाना गा रहे हैं और प्रियंका ऑडियंस में इंजॉय करती हुई उन्हें खूब चीयर कर रही हैं। प्रियंका के साथ यूट्यूबर लिली सिंह भी नजर आ रही है। बता दे, प्रियंका के साथ लिली सिंह भी दिलजीत की बड़ी फैन हैं। उनका ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।



## पारंपरिक गाने की शैलियों को बदलने के आरोप में बांग्लादेशी स्टार 'हीरो आलम को पुलिस ने पकड़ा

ढाका । सोशल मीडिया पर सैकड़ों फैंस बटोरने वाले बांग्लादेशी स्टार 'हीरो आलम' पर इन दिनों संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। दरअसल आलम पर आरोप है कि वे पारंपरिक गाने की शैलियों को बदल देते हैं। इसकारण पुलिस ने उनसे माफी मांगने के लिए कहा। आलम का कहना है कि पुलिस ने उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है और क्लासिकल गीतों को बिगाड़ कर पेश करना बंद करने के लिए कहा है। साथ ही आलम ने दावा किया है कि उन्हें रबिंद्रनाथ टैगोर और काजी नजरूल इस्लाम के गानों को बिगाड़कर गाने के लिए फटकारा गया। आलम का कहना है कि पुलिस उन्हें 6 बजे उठाकर ले गई और लगातार आठ घंटे तक हिरासत में रखा। क्लासिकल गानों को गलत तरीके से पेश करने पर पुलिस ने उनसे पूछा कि तुम रबिंद्रनाथ और काजी नजरूल इस्लाम के क्लासिकल गानों को क्यों गाते हो? हालांकि उन्होंने बाद में खुद स्वीकार किया की गाने को गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ऐसा दोबारा नहीं होगा। आलम ने नया वीडियो जारी किया था। वीडियो में उन्होंने खुद को जेल की पोशाक में सलाखों के पीछे दिखाया है। आलम के वीडियो ने सोशल मीडिया पर आक्रोश पैदा कर दिया था। ढाका के उप पुलिस आयुक्त फारूक हुसैन ने कहा कि आलम सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं।

## पाकिस्तान में राष्ट्रध्वज बेचने वाली दुकान पर ग्रेनेड हमला, एक की मौत

क्वेटा (पाकिस्तान)। दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज बेच रही एक दुकान पर बृहस्पतिवार रात को संदिग्ध अलगाववादियों ने ग्रेनेड फेंका, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अभी किसी ने क्वेटा में हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह हमला सड़क किनारे बनी एक दुकान पर हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फिदा हुसैन ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वासिम बेग ने बताया कि एक घायल की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि बलूचिस्तान में अलगाववादी इस्लामाबाद में केंद्र सरकार से आजादी की मांग करते रहे हैं। सरकार का कहना है कि उसने उग्रवाद को खत्म कर दिया है लेकिन इस प्रांत में हिंसा अब भी होती रहती है।

## रिपोर्ट- आठ कोरोना संक्रमितों में से एक को लॉन्ग कोविड के लक्षण

एम्स्टर्डम । महामारी कोविड-19 का दुष्प्रभाव अभी दुनिया से खत्म नहीं हुआ है। पूरी दुनिया में अब तक कई करोड़ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज हो चुके हैं। लंबे समय तक कोविड-19 से पीड़ित रहने वाले लोगों में देखे जाने वाले स्थाई लक्षणों के बारे में चिंता बढ़ रही है। मौजूदा शोध में अब तक किसी ने लंबे समय तक कोविड पीड़ितों की तुलना उन लोगों से नहीं की जो कभी संक्रमित नहीं हुए। एक नए अध्ययन ने नीदरलैंड में 76,400 से अधिक वयस्कों को 23 सामान्य लॉन्ग कोविड लक्षणों पर एक ऑनलाइन प्रश्नावली भरने के लिए कहा गया था। मार्च 2020 और अगस्त 2021 के बीच प्रत्येक प्रतिभागी ने 24 बार प्रश्नावली भरी थी। उस अवधि के दौरान उनमें से 4,200 से अधिक यानी 5.5 प्रतिशत लोगों को कोविड था। संक्रमित होने के तीन से पांच महीने बाद कम से कम एक नया या गंभीर रूप से बढ़ा हुआ लक्षण था। अध्ययन में कहा गया है कि इससे पता चलता है कि करीब 12.7 प्रतिशत लोग, जिनको कोविड था, उनको दीर्घकालिक लक्षणों से जूझना पड़ रहा है। अनुसंधान में कोविड संक्रमण से पहले और बाद के लक्षणों की निगरानी की गई। जिससे शोधकर्ताओं को ये जानने में मदद मिली कि लंबे समय से संक्रमित मरीजों में कौन से ऐसे स्थाई लक्षण पनप रहे हैं। इस तरह पता चला कि कोरोना संक्रमित करीब आठ में से हर एक व्यक्ति को लॉन्ग कोविड के लक्षण हैं।

शोधकर्ताओं ने बताया कि लंबे समय से संक्रमित रहने वाले मरीजो में ये कई लक्षण देखे जा सकते हैं, जिनमें सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, मांसपेशियों में दर्द, स्वाद और गंध की कमी और सामान्य थकान शामिल हैं। अध्ययन के लेखकों ने कहा कि इसमें डेल्टा या ओमिक्रॉन के बाद के वेरिएंट को शामिल नहीं किया गया है।

## थाईलैंड: नाइट क्लब में भीषण अग्निकांड, 13 लोग जलकर मरे, 35 झुलसे

चोनबुरी। थाईलैंड से एक दर्दनाक खबर आ रही है। यहां की राजधानी बैंकॉक के दक्षिण-पूर्व में चोनबुरी प्रांत के एक नाइट क्लब में शुक्रवार को आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी दी है। पुलिस कर्नल वुटिपोंग सोमजाई ने टेलीफोन पर बताया कि सट्टाहिप जिले के माउंटेन बी नाइट क्लब में आग लगभग गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि 1:00 बजे लगी थी। वहीं मॉस्को में बीते बुधवार को एक गोदाम में भीषण आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लापता हो गए और कम से कम 13 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस के प्रमुख ऑनलाइन विक्रेता 'ओजोन' के एक गोदाम में आग लगने के कारण 50 हज़ार वर्ग मीटर का क्षेत्र प्रभावित हुआ। आपात स्थिति के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि दो लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए 13 व्यक्तियों में से दो लोग अस्पताल में भर्ती हैं। मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में इस्तरा शहर के पास आसमान में काले धुएं के घने गुबार दिखाई दिए। रूस के आपात मंत्रालय के अनुसार, आग बुझाने के लिए तीन दमकल हेलीकॉप्टर के साथ 150 दमकलकर्मी शामिल हैं। अधिकारियों ने फिलहाल यह नहीं बताया कि आग किस कारण से लगी। समाचार के मुताबिक, जांचकर्ताओं को आगज़नी की आशंका है।

## साढ़े तीन सौ साल पुराने डूबे जहाज से मिला स्पेन के राजा का बहुमूल्य खजाना

मैड्रिड । स्पेन में खोजकर्ताओं की एक टीम को एक पुराने, टूटे-फूटे जहाज में बहुमूल्य खजाना मिला है। ये खजाना सैकड़ों साल पुराना था लेकिन इसकी कीमती इतनी बताई जा रही है कि ये किसी इंसान तो क्या किसी छोटे से देश की किस्मत बदल सकता है। शोधकर्ताओं की टीम को एक डूबी हुई स्पेनिश शिप में 350 साल पुराना खजाना मिला है जो समुद्री यात्राओं पर निकले राजाओं का करार दिया जा रहा है। इस खजाने में पुराने सिक्के, कीमती पत्थर और रत्न हैं, जिनकी कीमत लाखों डॉलर में है।

स्पेन के जहाज द नुएस्ट्रा सेनोरा डे लास माराविलासी जहाज पर ये खजाना मिला है। इस जहाज का अंग्रेजी अनुवाद है- अवर लेडी ऑफ वंडर्स और जब जब नाम में ही चमत्कार लगा हो तो फिर असलियत तो वैसी ही होगी। ये जहाज सन् 1656 में उस समय डूब गया था जब ये एक नाव से टकरा गया था। इसके बाद जहाज मूंगे की एक दीवार से जा टकराया और बहामास के करीब डूब गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक ये जहाज जो खजाना लेकर जा रहा था, वो दरअसल किंग फिलिप चतुर्थ के लिए रिजर्व टैक्स के तौर पर था।

जहाज क्यूबा से स्पेन के सेविली जा रहा था। जो जहाज डूबा वो 891 टन का था और इस पर कार्गो भी लदा हुआ था। इस जहाज को दूसरे जहाज से खजाना लेकर जाना था। वो जहाज भी इस घटना से दो साल पहले डूब चुका था। कई बार ऐसी खबरें पहले भी आई हैं कि जहाज पर लदे कार्गो को हासिल करने की कोई कोशिशें की गई हैं। साल 1650 से 1990 तक 3.5 मिलियन आइटम्स रिकवर किए जा चुके हैं। ये जानकारी पुराने जहाजों की खोज करने वाली एजेंसी एलन एक्?सप्?लोरेशन की तरफ से दी गई है। साल 2020 से एलन दो साल तक जहाजों की खोज में लगा रहा। जो खजाना हाथ लगा है उसे इस महीने बहामास मैरिटाइम म्यूजियम में रखा जाएगा। इस तरह के खजाने को रिमोट सेंसिग टेक्नोलॉजी की मदद से तलाशा जाता है। इसके लिए सोनार और मैग्नेटोमीटर्स का प्रयोग किया जाता है। एलन की तरफ से 13 किलोमीटर तक की दूरी पर फैले मलबे को तलाशा जा चुका है।

## विज्ञापन में महिला मॉडल के आइसक्रीम खाने पर मचा बवाल, मौलवियों ने लगाया ये बैन

अरब देशों में महिलाओं की स्थिति कैसी है, इस बात से हर कोई वाकिफ है। सऊदी अरब, तालिबान से लेकर ईरान जैसे देशों में महिलाओं को लेकर सख्त कानून बनाए गए है। कपड़ों से लेकर खाने तक में महिलाओं पर सख्त नियम लागू हो रखे है। अब आप भी सोच रहे होंगे की भला खाने को लेकर महिलाओं पर कैसी पाबंदी? तो इसका जवाब हम आपको अभी दे देते है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबकि ईरान में एक महिला मॉडल का आइसक्रीम खाते हुए ऐड करना वहां की सभी महिलाओं पर भारी पड़ गया है। महिला के आइसक्रीम खाते एक ऐड पर ईरान में बवाल मच गया है। बता दें कि ये बवाल आइसक्रीम को लेकर नहीं बल्कि ऐड में महिला के होने से पूरा विवाद खड़ा हो गया है। महिला का ऐड पर आने के बाद से ईरान के कट्टरपंथी इस्लामिक नेताओं से लेकर मौलवियों ने अब इसके खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया है। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया है कि पूरे देश में महिलाओं के ऐड में काम करने पर बैन लगा दिया है। यह ऐलान इस ऐड के आने के बाद किया गया।



टोक्यो में अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैंसी पेलोसी व अन्य प्रतिनिधि जापान के प्रधानमंत्री फूमियो कैसिडा के साथ तस्वीर में नजर आये।

## अमेरिका, रूस, चीन के विदेश मंत्रियों ने आसियान बैठक में भाग लिया

**फोम पेन्ह ।** रूस और चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन शुक्रवार को रूस के विदेस मंत्री सर्गेइ लावरोव और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक में शामिल हुए। कंबोडिया की राजधानी में दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) का पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन चल रहा है। यह पहली बार है, जब तीनों मंत्रियों को एक ही मंच पर बैठक में भाग लेना है। यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है, जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर चल रहे राजनीतिक तनाव के बीच अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी ब्रिटनी ग्राइनर को अपने पास मादक पदार्थ रखने का दोषी करार दिया है और उन्हें नौ साल की जेल की सजा सुनाई है। जबकि, चीन अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर आक्रोशित है तथा इसके जवाब में उसने सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बैठक कक्ष में प्रवेश करते ही रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव के कंधे पर हाथ थपथपाया तथा अपनी सीट पर बैठने से पहले उनकी ओर हाथ हिलाया। जवाब में लावरोव ने भी हाथ हिलाया। सबसे आखिर में बैठक कक्ष में प्रवेश करने वाले ब्लिंकन ने लावरोव की ओर देखा तक नहीं और अपनी सीट पर जाकर बैठ गए। इस वार्ता के मद्देनजर अमेरिका के विदेश विभाग ने संकेत दिया कि ब्लिंकन की इन बैठकों के दौरान किसी से भी व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात करने की योजना नहीं है।

# ताइवान के नजदीक युद्ध अभ्यास पर पेलोसी ने बीजिंग को चेताया

### द्वीप देश को अलग-थलग करने की अनुमति नहीं देंगे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।**

अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी शुक्रवार को अपनी एशिया यात्रा के अंतिम चरण के दौरान जापान में हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा ताइवान की यथास्थिति को बदलने के बारे में नहीं थी और अमेरिका चीन को द्वीप देश को अलग-थलग करने की अनुमति नहीं देगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पेलोसी ने कहा कि ताइवान में उनका प्रतिनिधित्व द्वीप देश की यथास्थिति को बदलने के बारे में नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि उनके बीच विकसित संबंध ताइवान में शांति के लिए है। यूएस हाउस की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा है कि अमेरिका चीन को ताइवान को अलग-थलग करने की इजाजत नहीं देगा।



पेलोसी ने कहा कि चीन ने ताइवान को अलग-थलग करने की कोशिश की, जिसमें हाल में उसे विश्व स्वास्थ्य संगठन में शामिल होने से रोकना शामिल है। उन्होंने कहा, ''वे ताइवान को अन्य स्थानों पर जाने या भाग लेने से रोक सकते हैं लेकिन वे हमें ताइवान की यात्रा करने से रोककर उसे पृथक नहीं करेंगे।'' अमेरिकी नेता ने कहा कि ताइवान की उनकी यात्रा का मकसद द्वीप के लिए यथास्थिति में बदलाव लाना नहीं था बल्कि ताइवान जलडमरूमध्य में शांति बनाए रखना था।


उन्होंने व्यापक समझौतों के उल्लंघन, हथियारों के प्रसार और मानवाधिकार समस्याओं के लिए चीन की आलोचना की। पेलोसी ने बुधवार को ताइपे में कहा था कि स्व-शासित द्वीप तथा दुनिया में कहीं भी लोकतंत्र के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता ''अटल'' है। पेलोसी और संसद के पांच अन्य सदस्य सिंगापुर, मलेशिया, ताइवान और दक्षिण कोरिया की यात्रा करने के बाद बृहस्पतिवार देर रात तोक्यो पहुंचे।

## अमेरिका ने मंकीपॉक्स को लेकर स्वास्थ्य आपातकाल किया घोषित, 7000 से अधिक मामले हुए दर्ज

**वाशिंगटन। (एजेंसी)।**

अमेरिका ने तेजी से फैल रहे 'मंकीपॉक्स' को लेकर बृहस्पतिवार को लोक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दी, ताकि इससे निपटने के प्रयास तेज किए जा सकें। देश में 7,100 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। इस घोषणा से इस संक्रामक रोग से निपटने के लिए संघीय धन एवं संसाधनों को जुटाने में मदद मिलेगी। बुखार, शरीर में दर्द, ठंड लगना, थकान और शरीर पर कई जगह फोड़े होना इस बीमारी के लक्षण है।

अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्रालय के प्रमुख जेवियर बेसेरा ने कहा, '' हम इस वायरस से निपटने की अपनी तैयारियों को अगले स्तर पर ले जाने को तैयार हैं और हम हर अमेरिकी से मंकीपॉक्स को गंभीरता से लेने का आग्रह करते हैं।'' मंकीपॉक्स रोधी टीकों की उपलब्धता को लेकर




अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की आलोचना के बीच यह घोषणा की गई है। न्यूयार्क और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों के स्वास्थ्य केंद्रों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त संख्या में दो खुराक वाले ये टीके नहीं मिले हैं। कुछ को तो पहली खुराक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दूसरी खुराक देना बंद करना पड़ा। इससे पहले, व्हाइट हाउस ने कहा था कि उसने 11 करोड़ से अधिक खुराक उपलब्ध कराई है। अमेरिका में मंकीपॉक्स से अभी तक किसी की जान नहीं गई है, जबकि कुछ अन्य देशों में इससे मौत के मामले सामने आए हैं।

## ईरान, अमेरिका और यूरोपीय संघ अपने दूतों को ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर बात करने वियना भेजेगा

**तेहरान (एजेंसी)।**


ईरान, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) ने कहा कि वे ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए अपने दूत वियना भेजेगा। यह कदम वर्ष 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते को बचाने की आखिरी कोशिश प्रतीत हो रही है। हालांकि, तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि ऐतिहासिक समझौते में शामिल अन्य पक्षकार भी अचानक हो रहे सम्मेलन में शामिल होने वाले हैं या नहीं। यह भी जानकारी नहीं मिली है कि दोहा में अमेरिका और ईरान के बीच हो रही परोक्ष वार्ता में कोई प्रगति हुई है या नहीं। वार्ता की अध्यक्षता करने वाले यूरोपीय संघ के अधिकारी एनरिक मोरा ने कहा कि बातचीत के केंद्र में हाल में समझौते को बहाल करने के लिए तैयार मसौदा रहेगा। वहीं, ईरान ने कहा कि वह अपने परमाणु वार्ताकार अली बाघेरी कानी को ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना भेज रहा है। ईरान के लिए नियुक्त अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब मैली ने भी ट्वीट किया कि वह भी वार्ता के लिए वियना जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि वार्ता से पहले अमेरिका की ''उम्मीदें सीमित हैं। मैली ने कहा, ''अमेरिका ईयू की कोशिशों का स्वागत करता है और समझौते के लिए अच्छी भावना से कार्य करने के लिए तैयार है। जल्द ही पता चल जाएगा कि ईरान क्या ऐसी ही भावना के साथ तैयार है।'' उल्लेखनीय है कि समझौते को बहाल करने की कोशिश कुछ समय पहले तब खटाई में पड़ गई जब विभिन्न पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े रहे।

## किम जोंग मिसाइल टेस्ट करते रह गए और दक्षिण कोरिया ने कर दिया ये बड़ा काम, बना दुनिया का सातवां ऐसा देश

**(एजेंसी)।**

नॉर्थ कोरिया के सनकी तानाशाह किम जोंग उन से तो पूरी दुनिया वाकिफ है। आए दिन मिसाइलों की टेस्टिंग कर दुनिया को डकाने वाले तानाशाह का पूरा ध्यान अपने देश को केवल और केवल खतरनाक हथियारों से लैस करना है। वहीं उसके पड़ोसी देश और प्रतिद्वंदी देश साउथ कोरिया ने चांद पर कदम रखने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। साउथ कोरिया ने अपना पहला घरेलू रूप से विकसित चंद्र ऑर्बिटर लॉन्च किया है। दक्षिण कोरिया चंद्रमा के लिए एक मिशन शुरू करने वाला दुनिया का सातवां देश बन गया स्पेसएक्स द्वारा लॉन्च किए गए उपग्रह ईंधन को बचाने के लिए एक लंबा गोल चक्कर लगा रहा है। पहले इसका प्रक्षेपण 27 जुलाई को निर्धारित किया गया था।

ये दक्षिण कोरिया द्वारा पहला चंद्र मिशन है, जिसने हाल ही में एक अंतरिक्ष रॉकेट लॉन्च क्षमता विकसित की है। चंद्र मिशन को नासा और कोरिया एयरोस्पेस रिसर्च इंस्टीट्यूट (KARI) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। दानुरी



में एक बॉक्सी, सौर-संचालित उपग्रह है जिसे चंद्र सतह से सिर्फ 62 मील (100 किलोमीटर) ऊपर स्किम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसके दौरान यह इस निम्न ध्रुवीय कक्षा से कम से कम एक वर्ष के लिए भूगर्भिक और अन्य डेटा एकत्र करेगा। ये ऑर्बिटरकोरिया पाथफाइंडर लूनर या दानुरी के नाम से जाना जाता है। कोरियाई भाषा में इसका अर्थ चंद्रमा का आनंद लेना है।

अंतरिक्ष यान ईंधन के संरक्षण के लिए चंद्रमा के लिए एक लंबा, गोल चक्कर लगा रहा है और दिसंबर के मध्य में अपने गंतव्य पर पहुंच जाएगा। सफल होने पर अंतरिक्ष यान भारत के चंद्रयान -2 और नासा के लूनर टोही ऑर्बिटर (LRO) में पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह के चारों ओर शामिल हो जाएगा। ऑर्बिटर को पानी के बर्फ, यूरेनियम, हीलियम-3, सिलिकॉन और एल्यूमीनियम जैसे चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों का सर्वेक्षण करने का भी काम सौंपा जाएगा। ये भविष्य में चंद्रमा पर लैंडिंग करने की जगहों का चयन करने में मदद के लिए एक स्थलाकृतिक मानचित्र तैयार करेगा।


# भारत में अच्छे दिन आए या नहीं इस चर्चा के बीच पड़ोसी देश में बुरे दिन आने वाले हैं, खुद वित्त मंत्री ने कबूली ये बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**


अच्छे दिन आने वाले हैं, हम मोदी जी को लाने वाले हैं। लोकसभा चुनाव का एक चर्चित नारा। जिसको लेकर विपक्ष की ओर से लगातार मोदी सरकार पर निशाना भी साधा जाता है। वैसे देखा जाए तो अच्छे दिन के कोई तय पैमाने नहीं हैं। अच्छे दिन कोई ऐसी परिस्थिति तो है नहीं कि आप पैथोलॉजिकल लैब में जाकर जांच करा लें और पता लग जाए कि अच्छे दिन आए या नहीं। समाज के हर वर्ग नहीं बल्कि हर व्यक्ति के लिए अच्छे दिन के मायने अलग-अलग हैं। हिन्दुस्तान में वाकई अच्छे दिन आए या नहीं ये एक लंबी बहस का विषय हो सकता है। लेकिन हां पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में बुरे दिन जरूर आने वाले हैं। ये बात खुद मुल्क के हुक्मरान खुद कबूल कर रहे हैं।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने आगाह किया है कि गंभीर नगदी संकट से जूझ रहे देश में आने वाले दिन बेहद बुरे रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगले तीन महीने के लिए आयात पर नियंत्रण जारी रखेगी। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में एक समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को पूर्व पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ शासन द्वारा अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली आर्थिक नीतियों के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार के दौरान देश का बजट घाटा 1,600 अरब अमेरिकी डॉलर था। जबकि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ शासन के दौरान यह आंकड़ा बढ़कर 3,500 अमेरिकी डॉलर हो गया।

इस्माइल ने कहा, ''मैं तीन महीने तक आयात बढ़ाने की इजाजत नहीं दूंगा और इस बीच हम नीति लाएंगे। वृद्धि कुछ हद तक प्रभावित तो होगी लेकिन कोई और विकल्प नहीं है।'' पिछले वित्त वर्ष में पाकिस्तान ने 80 अरब डॉलर का आयात किया जबकि निर्यात 31 अरब डॉलर का किया। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार को देश को संभावित चूक से बचाना होगा और तात्कालिक एवं लघु अवधि के कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा, ''हम सही रास्ते पर हैं लेकिन खराब दिन देखने पड़ेंगे। अगर हम तीन महीने के लिए आयात पर काबू पा लें, हम विभिन्न माध्यम से निर्यात बढ़ा सकते हैं।



# कोरोना ने फिर बढ़ाई रफ्तार, देश में 24 घंटे में मिले 20551 मरीज, 70 ने दम तोड़ा



नई दिल्ली । (एजेंसी)

महामारी कोरोना वायरस रुक-रुक कर अपना प्रकोप दिखा रहा है देश में एक बार फिर इसके वायरस ने अपना संक्रमण तेज कर दिया है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 20 हजार 551 नए केस मिले हैं। कोविड संक्रमण से 70 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5 लाख 26 हजार 600 हो गई है। बीते दिन कोरोना से 21 हजार 595 मरीज ठीक भी हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी कोविड एक्टिव केस की संख्या 1 लाख 35 हजार 364 है, जो कुल मामलों का 0.31 प्रतिशत है। कोरोना का पॉजिटिविटी रेट 5.14 फीसदी है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,114 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.50 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अब तक कुल 2,05,59,47,2 लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जा चुकी है। वहीं, अब तक कुल 4 करोड़ 34 लाख 45 हजार 624 लोग इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं। देश में कोरोना महामारी की शुरुआत से अब तक 44 लाख 47 हजार 710 संक्रमित मिल चुके हैं। छत्तीसगढ़ में महासमुंद जिले के नवोदय विद्यालय के 54 स्टूडेंट्स कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं इन संक्रमितों में 2 स्टाफ के साथ 54 स्टूडेंट्स हैं। गुरुवार को जिले में कुल 35 संक्रमितों की पुष्टि हुई थी, जिसमें 20 से अधिक संक्रमित मरीज इसी विद्यालय से मिले। स्कूल परिसर में ही आइसोलेशन वार्ड बना दिया गया है। स्कूल के प्रिंसिपल प्रशांत रहाटे ने कहा कि कुछ दिन पहले कुछ बच्चे संक्रमित पाए गए, जिसके बाद लगातार सभी की जांच कराई गई, जिसमें 56 संक्रमित मिले हैं। बीते दिन महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा यानी 1849 केस मिले थे। वहीं, पिछले 24 घंटे में ये आंकड़ा घटकर 830 हो गया। हिमाचल में सोमवार को कोरोना से तीन लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही चार राज्य उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और मेघालय में पॉजिटिविटी रेट 16 फीसदी के पार पहुंच गया। हिमाचल प्रदेश कोरोना के 859 नए केस मिले हैं। इसके साथ ही पॉजिटिविटी रेट 17.39 फीसदी के पार पहुंच गया। इसके चलते शिमला के आईजीएमसी में एक बार फिर ऑपरेशन कराने से पहले कोरोना टेस्ट करवाना जरूरी कर दिया गया है। इसके अलावा अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ अब सिर्फ एक ही परिजन रह पाएगा। वार्डों में मरीज से मिलने के दौरान परिजनों को उचित दूरी बनाकर रखनी होगी। मास्क पहनना होगा। कोरोना नियमों का पालन करना होगा। कोरोना संक्रमण की दर प्रतिदिन बढ़ रही है। पिछले 24 घंटे में यह दर 11.64 से बढ़कर 11.84 हो गई है। इसके कारण नए मामलों में भी वृद्धि हुई है। एक दिन में 2202 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में चार मरीजों की मौत भी हुई है। इस दौरान 1660 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

# अमेरिका के सेंटर्स फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की साइट पर भारत का गलत नक्शा, सरकार ने जताया विरोध

नई दिल्ली। (एजेंसी)

अमेरिका के सेंटर्स फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की साइट पर भारत का गलत नक शा दिखाया जा रहा है। विश्व स्तर पर मंकीपाक्स के मामलों को अलग-अलग देशों के स्तर पर दिखाने के लिए विश्व के जिस राजनीतिक नक्शे का इस्तेमाल सीडीसी ने किया है वह गलत है। इसमें जम्मू कश्मीर का उत्तरी भाग जिसमें गिलगिट स्कर्दू, हुंजा वैली, नंगा पर्वत, नानतार वैली आदि आते हैं, उन्हें पाकिस्तान में दिखाया गया है। इतना ही नहीं सीडीसी पर दिखाए गए नक्शे में लद्दाख के कुछ पूर्वी भाग को चीन में दिखाया गया है। बता दें कि भारत पहले भी कई बार अलग-अलग जगहों पर दिखाए जा रहे भारत के गलत नक शों के खिलाफ अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देता रहा है। भारत के कड़े रुख के बाद कई जगहों पर दिखाए जा रहे भारत के नक शे को सही किया गया है। नवंबर 2019 में भारत सरकार ने जो नक्शा विश्व के सामने पेश किया था उसमें पूरे जम्मू कश्मीर को भारत का हिस्सा दर्शाया गया था। इसमें पाकिस्तान और चीन द्वारा गलत तरीके से हासिल किए हुए हिस्से को बेहद साफ-साफ दर्शाया गया था। हालांकि इस नक शे को जारी किए जाने के बाद पाकिस्तान और चीन ने नाराजगी व्यक्त की थी। इसके जवाब में भारत ने साफ किया था कि समूचा जम्मू कश्मीर जिसमें गिलगिट का पूरा क्षेत्र और लद्दाख का पूरा क्षेत्र शामिल है, भारतीय क्षेत्र है। भारत ने था कि अब भारत अपने इन हिस्सों को वापस लेगा। गौरतलब है कि भारत इसी आधार पर पाकिस्तान और चीन के बीच बनने वाले आर्थिक गलियारे का भी विरोध करता आया है। भारत का कहना है कि ये गलियारा भारत की जमीन पर बन रहा है। इसकी भारत इजाजत नहीं देता है। वर्ष 2019 में भारत सरकार ने ये नक्शा उस वक्त जारी किया था जब जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया गया था। उस वक त भी पाकिस्तान भारत सरकार के फैसले से तिलमिला गया था। सीडीसी ने भारत के जिस नक्शे को अपनी वेबसाइट पर दिखाया है वो भी पूरी तरह से गलत है।

## दोष सिद्ध होने पर ही एससी-एसटी कानून के अंतर्गत पीड़ित को मुआवजा राशि दी जाए : हाई कोर्ट

लखनऊ । (एजेंसी)

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने अपने एक अहम फैसले में राज्य सरकार आदेश दिया है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) कानून के अंतर्गत आरोपी पर आरोप सिद्ध होने पर ही पीड़ित को मुआवजा की राशि जारी की जाए ना कि प्राथमिकी दर्ज होने और आरोप पत्र दाखिल होने पर उसे हर्जाना दिया जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि हर दिन बड़ी संख्या में मामले आ रहे हैं जहां राज्य सरकार से मुआवजा प्राप्त होने के बाद शिकायतकर्ता मुकदमा खत्म करने के लिए आरोपी के साथ समझौता कर लेते हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की एक एकल पीठ ने 26 जुलाई को पारित किया था जो गुरुवार को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। अदालत ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है जिसमें एससी-एसटी कानून के तहत दर्ज मुकदमे को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने कहा कि उसका विचार है कि करदाताओं के पैसे का इस प्रक्रिया में दुरुपयोग किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में राज्य सरकार कथित पीड़ितों से मुआवजे की रकम वापस लेने के लिए स्वतंत्र है जहां शिकायतकर्ता ने आरोपी के साथ मुकदमा वापस लेने के लिए समझौता कर लिया है या अदालत ने मुकदमा रद्द कर दिया है।

## केजरीवार का ट्वीट- गुजरात में भाजपा अमित शाह को मुख्यमंत्री का चेहरा बना सकती है

**अहमदाबाद** . गुजरात विधानसभा चुनाव में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होना तय है. भाजपा और कांग्रेस के अलावा अबकी बार आम आदमी पार्टी (आप) भी मैदान में है. दिल्ली और पंजाब में मिली सफलता से गदगद आप गुजरात फतह करने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती. एक महीने के भीतर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल चार बार गुजरात दौरा कर मुफ्त बिजली और रोजगार को लेकर बड़ा ऐलान कर चुके हैं. गुजरात चुनाव निकट आते ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है. सभी जानना चाहते हैं कि राजनीतिक दल किसे अपना मुख्यमंत्री बनाएंगे? इन सबके बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ट्वीट से गुजरात की राजनीति गरमा गई. केजरीवाल ने ट्वीट में कहा - 'आप' गुजरात में तेजी से बढ़ रही है. भाजपा बुरी तरह बौखलाई हुई है. क्या ये सच है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा गुजरात में अमित शाह जी को सीएम चेहरा घोषित करने जा रही है? भूपेन्द्रभाई पटेल के काम से क्या भाजपा भी नाराज है? केजरीवाल के इस ट्वीट के बाद गुजरात की राजनीति गरमा गई है. गुजरात आप ने भी भाजपा के सीएम चेहरे को लेकर सवाल किया है. जिसके जवाब में भाजपा ने कहा कि वह आप को उसके सवाल का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं है.

## भारत में 2020 में वीजा समाप्ति के बाद 40,000 विदेशी रुके

नई दिल्ली । (एजेंसी)

साल 2020 में वीजा की अवधि खत्म होने के बाद 40,000 से अधिक विदेशी देश में रुके थे,जबकि कोरोना के कारण लंबे समय तक लगे राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बावजूद 32.79 लाख से अधिक विदेशियों ने भारत यात्रा की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2019 में वीजा की अवधि खत्म होने के बाद देश में रहने वाले विदेशी नागरिकों की संख्या 54,576 थी और 2020 में यह आंकड़ा 40,239 था। अधिकारियों ने कहा कि भारत में वीजा की तारीख से अधिक समय तक रहने पर जुर्माना, पांच साल तक की कैद और यहां तक कि देश में फिर से प्रवेश पर प्रतिबंध का प्रावधान है। भारत में वीजा खत्म होने के पहले 15 दिनों में जुर्माना शून्य है, 16 दिन से 30 दिनों के लिए 10,000 रुपये, 31 दिनों से 90 दिनों के लिए 20,000 रुपये और 90 दिनों से अधिक होने पर 50,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

एक अप्रैल, 2020 से 31 दिसंबर, 2020 के बीच कुल 32,79,315 विदेशी नागरिकों ने भारत की यात्रा की। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान भारत आने वाले विदेशियों की संख्या सबसे अधिक अमेरिका (61,190) से थी, इसके बाद बांग्लादेश (37,774), ब्रिटेन (33,323), कनाडा (13,707), पुर्तगाल (11,668) और अफगानिस्तान (11,212) से आने वाले लोग थे। उक्त अवधि के दौरान कुल 8,438 जर्मन नागरिकों, 8,353 फ्रांसीसी नागरिकों, इराक से 7,163 और कोरिया गणराज्य के 6,129 नागरिकों ने भी भारत का दौरा किया। इसके अलावा, 2020 में



4,751 पाकिस्तानी नागरिकों ने भारत का दौरा किया। एक अप्रैल, 2020 और 31 दिसंबर, 2020 की अवधि के दौरान विदेशियों के कुल आगमन का 71 प्रतिशत से अधिक का योगदान इन देशों से था, जबकि शेष देशों के नागरिकों का हिस्सा लगभग 29 प्रतिशत था।

# देश में अवसंरचना संबंधी किसी भी परियोजना के लिए धन की कमी नहीं, ना होने दी जाएगी : गोयल



नई दिल्ली । (एजेंसी)

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में कहा कि देश में अवसंरचना संबंधी किसी भी परियोजना के लिए न तो धन की कमी बाधक बनी है और न ही ऐसा होने दिया जाएगा। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि अगर ऐसी किसी परियोजना में विलंब हो रहा है, तब इसका कारण समय पर जमीन का अधिग्रहण न हो पाना, कोई विवाद या कुछ और हैं। गोयल ने यह बात तृणमूल कांग्रेस के नदीमुल हक द्वारा अवसंरचना संबंधी केंद्रीय परियोजनाओं में विलंब का मुद्दा सदन में उठाए जाने पर कही। तृणमूल कांग्रेस के हक ने बंगाल में स्मार्ट सिटी, सड़क, रेलवे, पेट्रोलियम सहित अवसंरचना संबंधी केंद्रीय परियोजनाओं में विलंब का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि 1514 परियोजनाओं में से करीब 700 परियोजनाओं में अलग अलग कारणों से विलंब हो रहा है। हक ने कुछ परियोजनाओं का जिक्र कर बताया कि ये परियोजनाएं लंबे समय से अटकी हैं, इसका कारण कोरोना से लेकर समय पर केंद्र की ओर से धन नहीं दिया जाना आदि हैं। भाजपा की सुमित्रा ने एक अगस्त को जबलपुर में एक निजी अस्पताल में आग लगने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि पहले भी इस तरह के हादसे हुए हैं और लोगों की जान गई है। उन्होंने मांग की इसतरह के हादसों से सबक सीख कर इनकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। भाजपा के ही आदित्य प्रसाद ने झारखंड में अब तक पर्याप्त बारिश न होने की वजह से धान के बीज खराब होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वहां पर धान की रोपाई केवल बारह प्रतिशत ही हो पाई है। इसी दल के दीपक प्रकाश ने मांग की कि केंद्र सरकार को झारखंड में एक विशेष जांच दल भेजकर स्थिति का आकलन करना चाहिए। बीजू जनता दल के अमर पटनायक ने कटाई के बाद समुचित रखरखाव और अवसंरचना के अभाव में अनाज तथा खाद्य सामग्रियों को होने वाले नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महंगाई एक समस्या है ही, लेकिन समुचित रखरखाव और अवसंरचना की व्यवस्था कर देश के ''फूड बास्केट'' में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है।

# ममता से नाराज हुए विपक्षी दल, पीएम मोदी से मुलाकात को बताया 'मैच फिक्सिंग'

कोलकाता ।(एजेंसी)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दिल्ली यात्रा से विपक्षी दलों में उनका विरोध तेज हो गया है। कांग्रेस और वाम दल सीएम ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात को 'मैच फिक्सिंग' करार दिया है। विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो के इस दौरे को प्रवर्तन निदेशालय की हालिया कार्रवाई से जोड़कर देख रही हैं। सीएम ममता बनर्जी चार दिनों के लिए राजधानी पहुंची हैं। वह यहां नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगी और अपनी पार्टी के सांसदों से भी मिलकर फ्लोर स्ट्रैटेजी तैयार करेंगी। बंगाल कांग्रेस के प्रवक्ता रित्जू घोषाल ने कहा यह मैच फिक्सिंग 2016 बंगाल विधानसभा चुनाव से जारी है। ईडी ने कोयला घोटाला मामले में अभिषेक बनर्जी से केवल दो बार पूछताछ की है। जबकि, सोनिया गांधी और राहुल से बगैर किसी आधार के नेशनल हेराल्ड मामले में हर रोज परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा टीएमसी जैसी क्षेत्रीय पार्टियों को मजबूत कर रही है। टीएमसी ने गोवा और त्रिपुरा चुनाव केवल विपक्षी दलों को बांटने के लिए लड़े थे। इधर, सीपीआई (एम) के बंगाल सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा यह मीटिंग मैच फिक्सिंग व्यवस्था का हिस्सा है, जो सालों से चल रही है। यह कहा जा रहा है कि बनर्जी, मोदी से राज्य की मांगों को लेकर चर्चा करना चाहती हैं। इस मामले में आमने-सामने की बैठक क्यों? नौकरशाहों को मौजूद रहना चाहिए। इससे पहले सचिव स्तरीय बैठक होनी चाहिए। यह सभी सेटिंग का हिस्सा है। जनता को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि बनर्जी हमेशा प्रधानमंत्री के साथ बैठक का फायदा उठाती हैं। वह लोगों को बताती हैं कि उन्होंने सभी परेशानियों को ठीक कर दिया है। हम उम्मीद करते हैं केंद्र उनकी योजनाओं में मदद नहीं करेगा। इधर, भाजपा के बंगाल प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि बैठक बनर्जी के लिए किसी तरह से मददगार नहीं होगी। गुरुवार को अपने भतीजे और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ दिल्ली पहुंचीं बनर्जी शुक्रवार को पीएम मोदी से मिल सकती हैं। दरअसल, पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद हो रही इस यात्रा के चलते विपक्षी दल बनर्जी पर सवाल उठा रहे हैं। ईडी ने चटर्जी को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। खास बात यह है कि राजधानी कोलकाता रवाना होने पर भी उन्होंने कोई बयान जारी नहीं किया।

# आयुष्मान भारत योजना गेमचेंजर: मनसुख मंडाविया

नई दिल्ली। (एजेंसी)

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना गेमचेंजर साबित हुई है। उन्होंने भारत के विशाल वैक्सीन अभियान, प्रिवेंटिव मॉड्यूल और डिजिटल हेल्थ मिशन को लेकर उपचार को आमजन तक सुलभ और सस्ता बनाए जाने के बारे में बताया। भारत के कोरोना टीकाकरण अभियान की सफलता पर उन्होंने कहा, मैं इस सफलता को केवल 18 महीने में 200 करोड़ वैक्सीन डोज लगाने के चश्मे से नहीं देखता। भारत के कोविड टीकाकरण अभियान की सफलता की कहानी वैक्सीन के रिसर्च, उसके डेवलपमेंट और प्रोडक्शन, स्वदेशी संसाधनों के विकास, वितरण और प्रशासन पर बनी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, संक्षेप में यह आत्मनिर्भर भारत को परिभाषित करता है। जब 17 सितंबर, 2021 को मध्यरात्रि तक कोविड वैक्सीन की 2.5 करोड़ से अधिक खुराकें दी गईं, तो यह एक दिन का सर्वोच्च टीकाकरण बन गया। यह एक व्यक्तिगत मील का पत्थर था। मैं एक गांव से हूं, जहां वैक्सीन के बारे में सुनना अपने आप में एक बड़ी बात थी। इतनी विशाल आबादी का टीकाकरण करवाना एक बड़ी चुनौती थी। आज गांवों में टीके उपलब्ध हैं। लगभग 73 प्रतिशत ग्रामीण आबादी का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने अमेरिकी वैक्सीन निर्माता कंपनियो मोडर्ना और फाइजर के भारत में नहीं आने के बारे में कहा, हमने किसी को देश में आने से नहीं रोका। हमने उनसे सिर्फ अपने टीके बेचने के लिए भारत में पंजीकरण कराने के लिए कहा था, लेकिन उन्हें आपत्ति थी। वे क्षतिपूर्ति और संप्रभु गारंटी संबंधी नियमों में छूट चाहते थे। लेकिन हमने स्थानीय नियमों और कानूनों के अनुपालन पर जोर दिया। इसके अलावा, तब तक भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर कोविड वैक्सीन का उत्पादन शुरू कर दिया था, इसलिए उन्होंने दौड़ जीत ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, आयुष्मान भारत को मजबूत करने के बाद, हम देश के 22 एम्स में आयुष्मान भारत केंद्र स्थापित करके स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे का विस्तार करने पर विचार करेंगे। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा मुफ्त है और गरीबों को किसी न किसी योजना के तहत कवर किया जाता है। लेकिन योजनाएं सीधे तौर पर काम नहीं करती हैं। समय के साथ, हमें सुधार की आवश्यकता होगी। इस देश में किसी गरीब की मौत इलाज के अभाव में नहीं होनी चाहिए। एक नया ओटीपी जनरेट होने तक डॉक्टर किसी व्यक्ति का डिजिटल हेल्थ



अकाउंट फिर से नहीं ओपन कर सकता है। यह गेम चेंजर होने जा रहा है, क्योंकि अब तक20 करोड़ से अधिक लोगों ने एबीएचए अकाउंट खोला है। यह एक बहुत बड़ा अभियान है और विश्व में अपनी तरह का पहला भी।

## संक्षिप्त समाचार




### सीबीएसई ने 10वीं, 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया

**नई दिल्ली** । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं, 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। छात्र जो भी इस परीक्षा के लिए शामिल हो रहे हैं, वे सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर टाइम टेबल देख सकते हैं। कक्षा 10वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा 23 अगस्त से 29 अगस्त, 2022 तक और कक्षा 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा 23 अगस्त, 2022 को आयोजित की जाएगी। कक्षा 10, 12 की परीक्षा की अवधि सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक 2 घंटे की है। छात्रों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया जाएगा। सभी कोविड-19 मानदंडों का पालन करते हुए देश भर में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें नाक, मुंह को मास्क से ढंकना, हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना शामिल है। सीबीएसई कक्षा 10वीं, 12वीं का रिजल्ट 22 जुलाई, 2022 को घोषित किया गया था। कक्षा 12वीं के रिजल्टों में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 92.71 प्रतिशत और कक्षा 10वीं में कुल पास प्रतिशत 94.40 था।

### महाराष्ट्र एटीएस ने दाऊद गिरोह के सदस्य को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंक-रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंक वित्तपोषण मामले में भगोड़े कुख्यात अपराधी दाउद इब्राहिम के सहयोगी को गिरफ्तार किया है. एटीएस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में अनीस इब्राहिम का भी नाम शामिल है जो दाउद का छोटा भाई और भगोड़ा अपराधी है. एटीएस के एक अधिकारी के अनुसार एटीएस की कालाचौकी इकाई के अधिकारियों ने परवेज जुबैर मेमन (47) को उसके मुंबई के वर्सोवा इलाके में स्थित घर से गिरफ्तार किया. अनीस के साथ ही मेमन भी ''राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों'' में संलिप्त था. परवेज़ को कोर्ट ने 10 अगस्त तक एटीएस की कस्टडी में भेज दिया है. बताया गया है कि मंगलवार को अनीस इब्राहिम और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 121(ए) (भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 17,18 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान मामले में मेमन की संलिप्तता सामने आई. उन्होंने कहा कि मेमन ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि वह एमडीएमए, केटामाइन जैसे मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था. एटीएस अधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अवैध कृत्यों से प्राप्त धन को आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित संगठनों को भेजा जाता था. परवेज जुबैर डी-कम्पनी के टेरर फंडिंग का वो सिपेसालर था जो भारत मे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देनेवाले टेररिस्ट ऑर्गनाइजेशन और संगठनों को आर्थिक मदद मुहैया करवाने में मदद करता था.

### अमेज़न पर घटिया प्रेशर कुकर बेचने पर एक लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली** । केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण आयोग में अमेज़न के ऊपर घटिया प्रेशर कुकर बेचने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अमेजन ने 2265 रुपये में खराब प्रेशर कुकर उपभोक्ता को बेचा था। सीसीपीए के आदेश के अनुसार उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करने पर अमेजन के ऊपर 100000 का जुर्माना लगाया गया है। अमेजन ने प्रेशर कुकर की बिक्री से 6,14,825 रुपए कमाए थे।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में अल्वा का समर्थन करेगी टीआरएस

**नई दिल्ली** । तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के नेता केशव राव ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा का समर्थन करेगी। टीआरएस के सांसद राव ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष की संयुक्त उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा का समर्थन करने का फैसला किया है। राव ने संसद के बाहर कहा कि टीआरएस सांसदों से उन्हें मत देने को कहा गया है। अल्वा शाम को टीआरएस के सांसदों से मुलाकात भी करेंगी। राष्ट्रपति चुनाव में टीआरएस ने विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन किया था। अल्वा का मुकाबला सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ से है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव इस शनिवार छह अगस्त को होगा।

### भारतीय पर्यटकों का जर्मनी घूमने का जोश हाई पर, वीजा मिलने में लग रहे तीन माह

**नई दिल्ली** । कोरोना के बाद भारतीयों में घूमने फिरने का कुछ ज्यादा ही जोश है। चाहे देश में घूमना हो या विदेश, हर तरफ बस निकल पड़े हैं। तभी देहरादून-मसूरी में हर सप्ताह में सड़क पर जाम लग रहा है। यही हाल विदेश घूमने वाले पर्यटकों का भी है। जर्मनी जाने वाले पर्यटकों की संख्या इतनी बढ़ी है, कि वीजा मिलने में तीन महीने से अधिक का वक्त लग रहा है। लेकिन अब स्थिति सुधरेगी। जर्मना का कहना है भारत स्थित वीजा कार्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया जा रहा है। मैनपावर भी अतिरिक्त रखे जा रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि कुछ ही महीने में एक सप्ताह में ही वीजा मिलने लगेगा। भारत स्थित जर्मन नेशनल टूरिस्ट ऑफिस के प्रमुख का कहना है कि कोरोना के बाद अब पर्यटन उद्योग तेजी से वापसी कर रहा है। इस दौरान जर्मनी के पर्यटन में सालाना आधार पर 214 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जहां तक भारतीय पर्यटकों की बात है, तब अपनी संस्कृति और आकर्षण के कारण यूरोप जाने वाले भारतीयों के लिए जर्मनी सबसे अच्छा गंतव्य बन रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लगातार पांचवे साल जर्मनी नेशन ब्रांड्स इंडेक्स में पहले स्थान पर बना हुआ है। सांस्कृतिक केंद्रों से लेकर आर्किटेक्चर, खानपान की व्यवस्था और कम दूरी पर ही नई शानदार जगहों के साथ जर्मनी अपने यहां आने वालों को सर्वश्रेष्ठ यात्रा का अनुभव देता है। टूरिस्ट ऑफिस के प्रमुख बताते हैं कि भारतीय पर्यटकों के बीच बढ़ती मांग को देखते हुए जर्मन नेशनल टूरिस्ट बोर्ड नया कैंपेन शुरू कर रहा है। इसमें जर्मनी की प्रकृति और सांस्कृतिक विशेषताओं के हर पहलू को दिखाते हुए इस सस्टेनेबल टूरिज्म अट्रैक्शन के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

पार्टनरशिप फर्म को लेकर हुआ विवाद

# सूरत में मॉर्निंग वॉक पर निकले

## सचिन-खरवासा के चीकूवाडी में वेपारी ने लगाया फांसी

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत के **सचिन-खरवासा** चिकुवाड़ी में कढ़ाई मशीन के एक व्यापारी ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली. सुबह की सैर के दौरान कारोबारी के घर नहीं आने पर संबंधित परिवार ने पुलिस को फोन कर प्राथमिक जानकारी दी कि उसने आत्महत्या कर ली है. साधुभाई ने कहा कि 3 साल तक बिजनेस पार्टनर के साथ विवाद के बाद फर्म का विघटन हो गया, अब केवल हिसाब-किताब बचा है।

फोन के आधार पर हुई सचिन की पहचान,पुलिस ने बताया, सूचना मिली थी कि खरवासा के नितेश ईश्वरभाई देसाई के खेत में एक युवक ने पेड़ से नाइलोन की रस्सी बांध दी है. पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक नवीन शर्मा व अन्य के फोन कॉल के आधार पर जांच की।

38 मानसरोवर डिंडोली से होने का पता चला था। फिलहाल पुलिस आत्महत्या की जांच कर रही है। पुलिस ने मौके से एक बैग में मृतक की कार, छाता, पहचान पत्र और चप्पल बरामद किया है.



पार्टनरशिप फर्म चलाने वाली प्रिया दर्शन (साधुभाई) ने बताया कि बिहार के रहने वाले नवीनभाई 20 साल तक सूरत में रहे। कढ़ाई मशीन बेचने के व्यवसाय के साथ एक साझेदारी फर्म में काम किया। 3 साल पहले पार्टनर से विवाद के चलते दोनों अलग हो गए थे। जो कुछ बचा था उसका हिसाब होना था। नवीनभाई ने 5 महीने से अपना कारोबार शुरूकिया। अच्छा कारोबार चल रहा था। रोज मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। वे समय पर आते थे। आज घर न आने से परिजन परेशान थे। उसके बाद उनके फोन पर फोन कर ऐसी दुखद घटना की जानकारी मिली

# नशे में धुत्त मकान मालिक ने दो साल के बच्चे की पिलाई शराब,बच्चा हुआ बेहोश

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

राजकोट,गांधी के गुजरात में पूर्ण शराब बंदी है, इसके बावजूद आए दिन लाखों रुपए की देशी-विदेशी शराब पकड़ी जाती है। हाल ही में बोटाद के जहरीली शराबकांड में 50 से अधिक लोगों की मौत के बाद हरकत में आई गुजरात पुलिस ने राज्य के कई शहरों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर शराब की भट्टियां और अड्डों पर रेड कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की सख्ती के बाद भी आज शराब सरलता से उपलब्ध होती है, इसका एक उदाहरण राजकोट शहर से सामने आया है। राजकोट में मकान मालिक ने दो वर्ष के बच्चे को शराब पिला दी। शराब पीने के बाद बच्चे के बेहोश होने पर उसे राजकोट के केटी चिल्ड्रन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना



गुरुवार शाम की है। राजकोट के विराटनगर उद्योगनगर क्षेत्र में रहनेवाले एक परिवार के दो साल का खेल रहा था। उस वक्त मकान मालिक वनराज शराब पी रहा था। मासूम बच्चा वनराज के पास पहुंच गया। जहां वनराज ने बच्चे को शराब पिला दी। शराब पीने के बाद बच्चा बेहोश हो गया। बच्चे के होश में नहीं आने पर परिवार ने उसे राजकोट के केटी चिल्ड्रन होस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

बच्चे के पिता यासीन सैयद ने बताया कि वह परिवार के साथ 12 दिन पहले ही किराये पर रहने यहां आया था। बीते दिन मकान मालिक ने खाना बनाने को कहा था। जिससे वह उसके रूम में गया था। जहां वनराज उसके दो साल के बच्चे को शराब पी रहा था। शराब पीने के बाद बच्चा बेहोश हो गया। स्थानीय पुलिस का कहना है कि बच्चे की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद प्रोहिबिशन का मामला दर्ज करने पर फैसला किया जाएगा। फिलहाल मकान मालिक की तलाश की जा रही है।

# चांदखेडा क्षेत्र में हनीट्रेप में फांसकर युवती ने युवक से ऐंठे 2.70 लाख

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

शहर के चांदखेडा क्षेत्र में एक युवक को हनीट्रेप में फांस कर युवती ने उससे रु 2.70 लाख ऐंठ लिए। हनीट्रेप के शिकार युवक की शिकायत के आधार पर चांदखेडा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरूकी है। अहमदाबाद के आंबावाडी क्षेत्र में रहनेवाला 30 वर्षीय युवक शहर के असारवा क्षेत्र में दुकान चलाता है। करीब 20 दिन पहले युवक के मोबाइल में एक युवती का मैसेज आया और उसके बाद दोनों के बीच बातचीत हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और एक-दूसरे के मोबाइल नंबरों का आदान प्रदान किया। जिसके बाद वॉट्सएप के जरिए युवक-युवती एक दूसरे से बातचीत करने लगे। 12 दिन पहले युवती ने युवक को वॉट्सएप मैसेज पर अपना लॉकेशन भेजा और युवक को अपने बेडरूम में ले गई। बेडरूम में युवती ने युवक के साथ शारीरिक संबंध बनाए। जिसके बाद घर का दरवाजा बंद होने के बावजूद अचानक एक शख्स बेडरूम में आ गया और युवक के साथ मारपीट करने लगा और उसे दुष्कर्म के केस में फंसा देने की धमकियां देने लगा। इस बीच एक और शख्स वहां पहुंच गया और खुद को वकील बताते हुए युवक को पीटने लगा। युवक का मोबाइल लेने के बाद दोनों शख्सों ने उसे पांच लाख रुपए की मांग की, वर्ना दुष्कर्म के मामले में फंसा देने की धमकी दी। युवक ने जब कहा कि इतने रुपए उसके पास नहीं है, तब एक शख्स ने कहा कि रु 70 हजार देकर मामला यहीं निपटा ले। इस पर युवक ने रु 70 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। लेकिन दोनों शख्स इतने पर नहीं रुके उन्होंने और रु 2 लाख ट्रांसफर करवा लिए।




और अपने घर बुलाया। मैसेज मिलने के बाद युवक चांदखेडा स्थित युवती के घर पहुंच गया, जहां उसके साथ कुछ देर बातचीत की और कॉफी पीकर वहां से रवाना हो गया। जिसके कुछ दिन बाद युवती ने युवक को मैसेज किया और कहा कि कल तुम मेरे घर आ जाओ, मेरे पति सूरत गए हैं। युवती के बुलाने पर युवक उसके घर पहुंच गया, जहां दोनों बातचीत करने लगे। इस बीच युवती ने घर का दरवाजा बंद कर दिया घटना के कुछ दिन बाद युवक के इंस्ट्राग्राम पर मैसेज आया कि 'तू डर मत, तेरा प्रूफ मेरे पास सेव है। मैं वकील हूं तू बार बार क्यों डर रहा है?' ऐसा कहते हुए शख्स ने युवक से फिर एक बार रुपयों की मांग की। इस पर युवक ने इंस्ट्राग्राम पर जिस नंबर से मैसेज आया था, उसे ब्लॉक कर दिया और चांदखेडा पुलिस में युवती और दो शख्सों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरूकी है।

# लव जिहाद पर बोले हर्ष संघवी-नाम बदलकर लड़कियों में फांसने वाले बख्से नहीं जाएंगे

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने लव जिहाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। हर्ष संघवी ने कहा कि नाम बदलकर किसी लड़की से प्यार करना, प्यार नहीं होता। प्यार शब्द को बदनाम करने वाले जिहादी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई मुस्तुफा महेश बनकर किसी को लड़की को प्यास करता है तो वह समाज की व्यवस्थ बिगाड़ने का प्रयास है और इस बारे में अगर कोई शिकायत मिलती है तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस वर्ष गरबा पर जीएसटी लगाने के मुद्दे पर हर्ष संघवी ने कहा कि विपक्ष इस पर राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरबा के 500 रुपए से अधिक के टिकट पर जीएसटी लगाया गया है। पहले 15 प्रतिशत टैक्स था और पूरे देश में यह एक समान है। नियमित टिकट पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा, परंतु सीजन टिकट पर इस बार 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। श्रद्धा और संस्कृति दोनों महत्वपूर्ण विषय हैं और विपक्ष ने गरबा पर जीएसटी लगाने के मुद्दे को पकड़ लिया है। जो राज्य चलाने के सपने देख रहे हैं, उन्हें टैक्स के बारे में पता नहीं है। गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने साबरकांठा के गांभोई में नवजात बच्चे को जिंदा जमीन में दफाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पुलिस ने तुरंत इस मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नवजात को दफनाने वाले माता-पिता को भी पुलिस ने किया है। बता दें कि साबरकांठा जिले के गांभोई में यूजीवीसीएल के बगल में एक नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनकर वहां काम कर रहे श्रमिकों ने स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी थी। स्थानीय लोगों ने जब जमीन खोदी तो भीतर से एक नवजात बच्ची जीवित मिली थी।



# ट्यूशन टीचर छात्रा का यौन शोषण और शराब पीने के लिए मजबूर करने पर गिरफ्तार

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

वडोदरा,गुजरात के वडोदरा में एक ट्यूशन टीचर द्वारा अपनी छात्रा के साथ काली करतूत करने के बाद पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। ट्यूशन टीचर ने अपनी छात्रा का शारीरिक शोषण करने और उसे अपने साथ वोडका पीने के लिए मजबूर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना की सूचना बुधवार रात पुलिस को दी गई और शिक्षक की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद गुरुवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

फतेहगंज पुलिस निरीक्षक केपी परमार ने स्थानीय मीडिया को बताया, "प्रशांत खोसला निजामपुरा इलाके में ट्यूशन क्लास चलाता है, जहां बुधवार को ट्यूशन के बाद खोसला ने 10वीं की एक छात्रा को अपने साथ बैठकर शराब पीने के लिए कहा। उसने लड़की को अपने साथ पीने के लिए मजबूर किया। जैसे ही लड़की बेहोश हो गई, रात करीब 9.30 बजे उसने उसे घर छोड़ दिया। लड़की के माता-पिता उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।" होश में आने के बाद पीड़िता ने महिला पुलिस उप निरीक्षक एके वलवी, को सारी घटना के बारे में बताया। जिसके बाद ट्यूशन शिक्षक प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया गया।

शिक्षक के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं, एक निषेध अधिनियम के तहत और दूसरा आईपीसी की धाराओं, किशोर न्याय अधिनियम और पोक्सो की धारा 11 के तहत।

